डाक पंजीयन नं. 99/2021–23

E-mail:-aadhuniksamachar2014@gmail.com website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

PG,5

आधुनिक समाचार



PG,8

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

सिनेमः बुर्का पहनाने की बजाय आंखों पर शर्म का पर्दा करना चाहिए

वर्ष -07 अंक -339 | प्रयागराज, सोमवार 14 फरवरी, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

संक्षिप्त समाचार

पश्चिमी विक्षोभ से फिर बिगड़ेगा मौसम, देश के कई हिस्सों में होगी बारिश और कई जगह छाएगी धुंध

नई दिल्ली। देश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण एक बार फिर मौसम करवट लेने वाला है। मौसम विभाग की मानें तो इस कारण हिमाचल प्रदेश में 14 से 16 फरवरी तक कुछ क्षेत्रों में हिमपात व बारिश की संभावना है। यही नहीं उत्तर पश्चिम भारत के मैदानी इलाकों में भी हल्की बारिश होने का अनुमान है। हालांकि इस पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर रहने की उम्मीद है। वहीं मैदानी इलाके पंजाब में 14 फरवरी से बादल छाए रहने की संभावना जताई गई है। पूर्वानुमान के अनुसार राज्य के कई जिलों में 16 फरवरी तक बादल छाएं रह सकते हैं। कई जगह छिटपुट बारिश होने की भी संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली-एनसीआर के इलाकों में बुधवार को बादल छाए रहने और हल्की बारिश हो सकती है। आज दिल्ली में आसमान रहेगा साफ, सुबह के समय होगी धुंध, अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 26 और 09 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि शनिवार तक आसमान साफ रहेगा, हालांकि रात की ठंडक बरकरार रहेगी।

ISRO PSLV-C52 सफलतापूर्वक लॉन्च, दो छोटे उपग्रह भी लेकर गया साथ; जानिए क्या काम करेगा यह उपग्रह

नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने सोमवार सुबह 5.59 बजे पीएसएलवी-सी 52 को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया। यह 2022 का पहला प्रक्षेपण अभियान है। पीएसएलवी-सी 52 के जरिए धरती पर नजर रखने वाले उपग्रह ईओएस-04 को कक्षा में भेजने के लिए 25 घंटे की उलटी गिनती रविवार सुबह शुरू हो गई थी। ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) अपने साथ दो छोटे उपग्रहों को भी लेकर गया। इसका प्रक्षेपण आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के पहले लॉन्च पैड से सोमवार को सुबह 05:59 बजे हुआ।

भारत और इजरायल के कूटनीतिक संबंधों के तीन दशक

नई दिल्ली। भारत-इजरायल इस साल कूटनीतिक संबंधों की 30वीं सालगिरह मना रहे हैं। यह दोस्ती द्विपक्षीय संबंधों की नजर से भले तीन दशक पुरानी हो, लेकिन यहूदी धर्म का भारत से सदियों पुराना नाता है। दोनों देशो के बीच दोस्ती की मजबूत नींव रखने में भारत में रह रहे यहूदी समुदाय की विशेष भूमिका है, जो विभिन्न समय अंतराल पर भारत आए और कोच्चि, मुंबई तथा देश के अन्य भागो में बसकर भारतीयता के रंग में रंग गए। इन लोगों ने भारत के निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। वैसे तो भारत ने सितंबर 1950 में इजरायल को एक देश के रूप में मान्यता दे दी थी, किंतु पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित करने में दोनों देशो को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। भारत-इजरायल के बहुआयामी द्विपक्षीय संबंधों का आधार रक्षा संबंध हैं। भारत के लिए इजराइल एक ऐसे मित्र देश के रूप में उभरा है, जिसने हमारी सुरक्षा चुनौतियों का हल ढूंढने में हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कारगिल युद्ध में सहयोग तथा आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में इजरायल की भूमिका अति महत्वपूर्ण रही है। आज रूस के बाद इजरायल, भारत का दूसरा सबसे बड़ा रक्षा उपकरणों का आपूर्तिकर्ता देश है। भारतीय रक्षा एजेंसियां एक लंबे समय से इजराइल के द्वारा बनाए गए वेपन सिस्टम का उपयोग करती रही है। फाल्कन एयरबार्न वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम से लेकर हेरान तक, अर्चर ड्रोन और हारोप ड्रोंस से लेकर

बराक एंटी मिसाइल डिफेंस सिस्टम तक और स्पाइडर क्विक रिएक्शन एंटी एयर क्राफ्ट सिस्टम से लेकर पाइथन, डर्बी (हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल) जैसी सुरक्षा प्रणालियों ने भारतीय सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है वर्तमान में दोनों देशों ने सामरिक साझेदारी को रक्षा के अलावा दूसरे क्षेत्रों में भी बढ़ाया है। दोनों देश कृषि से लेकर विज्ञान और तकनीकी, इनोवेशन, साइबर सिक्योरिटी, ऊर्जा सहयोग, स्पेस तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रहे हैं। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार आज लगभग 4.6 अरब अमेरिकी डालर तक पहुंच चुका है। दोनों देश मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत की दिशा में अग्रसर हैं। इजरायल का भारत के नेतृत्व वाली अंतरराष्ट्रीय सौर संधि के साथ जुड़ना इस बात का परिचायक है कि दोनों देश ऊर्जा स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में संबंधों के विकास को लेकर प्रतिबद्ध हैं आज भारतीय साफ्टवेयर कंपनियां इजरायल में अपने बिजनेस का विस्तार कर रही हैं। साथ ही भारत में ऊर्जा, रियल स्टेट और वाटर टेकनेलाजी के क्षेत्रों में इजराइली कंपनियां निवेश के लिए बढ़-चढ़कर आगे आ रही हैं। अप्रैल 2000 से लेकर सितंबर 2021 तक इजरायल का भारत में प्रत्यक्ष निवेश 25.46 करोड़ अमेरिकी डालर रहा है। कृषि के क्षेत्र में अब तक इजरायल भारत में 30 सेंटर आफ एक्सीलेंस फार हार्टिकल्चर खोल चुका है तथा आने वाले समय में इस संख्या में वृद्धि होना तय है। यह ध्यान देने योग्य है कि कोरोना वायरस संकट के मुश्किल से भरे शुरुआती दौर में भी दोनों देशो ने पानी, इनोवेशन तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ाने के लिए चार समझौतों पर सहमति बनाई। यह दोनों देशो में रिश्तों के विकास करने की प्रतिबद्धता तथा इच्छा को दर्शाता है। बहरीन व संयुक्त अरब अमीरात के साथ इजरायल के रिश्तों में अब्राहम एग्रीमेंट्स के तहत हुई नई शुरुआत ने भारत व इजराइल के लिए त्रिपक्षीय तथा बहुपक्षीय सहयोग के रास्तों को भी खोला है। भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर की 2021 में इजरायल यात्रा के दौरान इजरायल, अमेरिका, भारत तथा यूएई के बीच पश्चिम एशियाई चतुभरुज की स्थापना बदलते क्षेत्रीय समीकरणों का परिचायक था।

यूपी में दूसरे चरण का मतदान, साथ ही गोवा और उत्तराखंड में भी डाले जाएंगे वोट

नई दिल्ली। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सोमवार 14 फरवरी का दिन बेहद खास है। कल जहां उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण का मतदान होना है वहीं उत्तराखंड और गोवा विधानसभा के लिए भी वोट डाले जाएंगे। गोवा और उत्तराखंड में सभी सीटों के लिए कल ही मतदान

होना है। इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था को पूरा कर लिया गया है। मतदानकर्मी भी अपने तैनाती वाली जगहों पर या तो पहुंच चुके हैं या कुछ समय के बाद पहुंच जाएंगे। आपको बता दें कि उत्तर प्रदेश में सात चरणों में चुनाव होने हैं। कल यूपी में होने वाले दूसरे चरण के मतदान की बात करें तो इसमें सूबे की 55 सीटों पर कल वोट डाले जाएंगे। इस दौरान मतदाता इन सीटों पर खड़े 586 प्रत्याशियों का भविष्य ईवीएम में बंद कर देंगे। दूसरे चरण के मतदान के लिए करीब 17 हजार मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इस चरण में जिन सीटों पर चुनाव होने हैं उनपर वर्ष 2017 के चुनाव में भाजपा ने 40 सीटों पर जीत दर्ज की थी। वहीं समाजवादी पार्टी को 13 और बहुजन समाज पार्टी को दो सीटों पर जीत हासिल हुई थी। कल जिन सीटों पर चुनाव होना है उसमें सहारनपुर के अंतर्गत आने वाली सात विधानसभा सीट, बिजनौर की आठ, मुरादाबाद की छह, संभल की चार, रामपुर की पांच, अमरोहा चार, बदायूं की छह, बरेली की नौ, शाहजहांपुर की पांच विधानसभा सीटों पर वोटिंग होगी। कल 2,01,42,441 मतदाता उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। हालांकि इस चरण के लिए चुनाव आयोग ने अपनी पूरी तैयारी कर ली है। ऐसे में पोलिंग पाटिर्यां आज रवाना होंगी। चुनाव आयोग ने दूसरे चरण के चुनाव के लिए 12538 मतदान केंद्रों पर 23352 बूथ बनाए हैं उत्तराखंड की सभी 70 सीटों पर कल मतदान होगा। यहां पर करीब 632 प्रत्याशी मैदान में हैं। वोटिंग के लिए यहां पर कुल 11647 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिनमें से 156 माडल बूथ है। इसके अलावा यहां पर मतदाताओं की संख्या 8143922 है। यहां पर मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था को चौकस किया गया है। यहां की विधानसभा का कार्यकाल 23 मार्च 2022 को खत्म हो रहा है। यहां पर भाजपा और कांग्रेस के अलावा इस बार मैदान में आम आदमी पार्टी भी शामिल है। उत्तराखंड में हर पांच वर्ष के बाद सत्ता बदलने का एक रिकार्ड अब तक रहा है। इस बार ये रिकार्ड बना रहता है या फिर राज्य की जनता दोबारा भाजपा को चुनती है, देखना काफी दिलचस्प रहेगा। वर्ष 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने यहां पर 57 सीट जीतकर बहुमत की सरकार बनाई थी। हालांकि भाजपा के कार्यकाल के दौरान यहां की जनता ने तीन मुख्यमंत्री देखे हैं। गोवा की सभी 0 विधानसभा सीटों पर सोमवार को मतदान होना है। पिछले चुनाव में यहां पर भाजपा को महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी और गोवा फारवर्ड पार्टी के विजय सरदेसाई के अलावा तीन निर्दलीय विधायकों का समर्थन हासिल हुआ था। भाजपा को पिछली बार 17, कांग्रेस को 15, गोवा फारवर्ड पार्टी और महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी को तीन-तीन सीटें हासिल हुई थीं। इस बार यहां के चुनाव में कुल 301 उम्मीदवार मैदान में हैं। यहां पर महिला मतदाताओं की तुलना पुरुषों की अपेक्षा अधिक है।

विवाद के पर्दे में स्याह दिखती तस्वीर, हिजाब एक विशेष समुदाय और शैक्षणिक संस्थानों के बीच का मुद्दा

नई दिल्ली। करीब 84 प्रतिशत साक्षरता दर वाले दक्षिण भारत के राज्य कर्नाटक में हिजाब मसले के आने के बाद इसकी आंच अन्य

राज्यों तक में देखी जाने लगी है। ऐसे में हमें हिजाब और पर्दे का फर्क जानना जरूरी है। पर्दा सिर से पांव तक होता है और उसमें चेहरा भी शामिल है, लेकिन इस्लाम में यह अनिवार्य नहीं है। इस्लाम के विभिन्न विचारधाराओं के विद्वानों ने इसकी व्याख्याएं की हैं। इस्लाम के विधिशास्त्र के लिए सबसे विश्वसनीय सूत्र पवित्र कुरान और पैगंबर की जीवनी और जीवनशैली है। जो बिंदु स्पष्ट रूप से कुरान में नहीं मिलते उन्हें पैगंबर के जीवन में ढूंढा जाता है। इससे यह साफ हो गया कि धार्मिक विषयों में मुस्लिम देश या अरब देश भारत या किसी भी देश के मुसलमानों के लिए प्रेरणासनेत नहीं हैं। भारत के संविधान ने अल्पसंख्यकों को अनुच्छेद 14, 15, 16 और 25 के अंतर्गत अपनी धार्मिक आस्था और विधि के अनुसार जीवन बिताने की आजादी दे रखी है। लाखों लोग हैं जो धर्म पर अमल नहीं करते लेकिन अगर उनमें से कोई किसी एक धार्मिक विधि पर अमल करना चाहे तो उसे यह कह कर वंचित नहीं किया जा सकता कि लाखों लोग इस पर अमल नहीं कर रहे हैं। हिजाब इस्लामिक विद्वानों के सभी वर्गों के अनुसार अनिवार्य है। हिजाब में सिर के बाल छुपे होते हैं चेहरा नहीं। पैगंबर के जमाने में जो लोग इस्लाम धर्म में दाखिल हुए थे और जिन्होंने अपने जीवन में केवल एक बार भी उन्हें देखा था, उन्हें इस्लामिक शब्दावली में 'सहाबी' कहा जाता है। पैगंबर के जमाने में हजारों 'सहाबी' महिलाएं थीं। उनके विषय में इस्लामी इतिहास बताता है कि वे इस्लाम का विरोध करने वालों की ओर से थोपे जाने वाले युद्धों में जख्मी हो जाने वाले 'सहाबी' पुरुषों का उपचार किया करती थीं। युद्धों के दौरान उनके जिम्मे और भी कई काम थे। इससे पता चलता है कि वे पर्दा नहीं हिजाब करती थीं। वैसे भी वहां हिजाब या पर्दे के लिए चादर का प्रयोग होता था। वे यदि पर्दा करतीं तो न वे जख्मियों का उपचार कर सकती थीं और न ही दुसरे काम। यहां एक बात और याद रखनी चाहिए कि हिजाब, महिलाओं को न शिक्षा प्राप्त करने से रोकता है और न दूसरे कामों से। यदि इस्लामी इतिहास उठाकर देखा जाए तो आठ हजार से अधिक उच्चकोटि की विद्वान महिलाएं ऐसी रही हैं जिनसे पुरुषों तक ने शिक्षा-दीक्षा ली है।

पुलवामा के शहीदों को पीएम मोदी ने दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। देश आज पुलवामा हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दे रहा है। पुलवामा में शहीद हुए सीआरपीएफ जवानों पर आतंकी हमले का आज तीसरा साल पूरा हो गया है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहीद हुए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि शहीदों की बहादुरी और सर्वोच्च बलिदान प्रत्येक भारतीय को एक मजबूत और समृद्ध देश की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है। ट्विटर पर प्रधानमंत्री ने लिखा कि, 'मैं 2019 में इस दिन पुलवामा में शहीद हुए सभी लोगों को श्रद्धांजलि देता हूं और हमारे राष्ट्र

के लिए उनकी उत्कृष्ट सेवा को हमेशा याद करता हूं। उनकी बहादुरी और सर्वोच्च बलिदान प्रत्येक भारतीय को एक मजबूत और समृद्ध देश की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करता है।' बता दें कि सीआरपीएफ के काफिले पर हमला 14 फरवरी, 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में हुआ था। इस हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे। पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए 40 सीआरपीएफ जवानों को आज सेना ने भी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर सीआरपीएफ के एडीजी दलजीत सिंह चौधरी ने श्रद्धांजलि दी और कहा कि हमारा उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनाए रखना है।

इमरान खान ने भारत को दी युद्ध की धमकी कहा- जब तक नहीं सुलझता कश्मीर मसला ये खतरा रहेगा बरकरार

वाशिंगटन । पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान यूं तो अपनी पहचान विश्व के एक बड़े मुस्लिम नेता के रूप में बनाना चाहते हैं, लेकिन चीन की यात्रा पर जाकर वही इमरान खान वहां पर रहने वाले उइगर मुस्लिमों पर हो रहे जुल्मों के लिए चीन की सरकार

का पक्ष लेने से भी गुरेज नहीं करते हैं। एक इंटरव्यू में उन्होंने भारत को युद्ध तक कही धमकी दी है। उन्होंने शिंजियांग प्रांत में रहने वाले उइगरों पर हो रहे जुल्मों को न सिर्फ नजरंदाज किया है बल्कि पश्चिम देशों पर चीन की सरकार की छवि धूमिल करने का भी आरोप मढ़ दिया है। उनका कहना है कि शिंजियांग में उइगरों के हालात वो नहीं हैं जो पश्चिमी देश दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। इमरान खान ने न केवल शिंजियांग प्रांत में जो कुछ हो रहा है उसके लिए चीन का साथ दिया है बल्कि दक्षिण चीन सागर में चीन की करतूतों को भी जायज ठहराया है। बीजिंग की यात्रा के दौरान इमरान खान ने चीन की वन चाइना पालिसी को अपना पूरा समर्थन दिया है। एक साझा बयान में उन्होंने तिब्बत, हांगकांग में चीन की नीतियों को सही ठहराया है। उइगरों पर किए गए अत्याचारों के बाबत जब इमरान खान से सवाल किया गया तो उन्होंने इस सवाल का रुख बदलने की कोशिश की। उन्होंने इस सवाल के जवाब में फिर से कश्मीर का राग अलापा और कहा कि मोदी सरकार वहां पर आरएसएस की विचारधारा को लागू करना चाहती है। उन्होंने यहां तक कहा है कि जब तक कश्मीर का मसला हल नहीं हो जाता है तब तक दोनों देशों के बीच युद्ध का खतरा मंडराता रहेगा। चीन सरकार की नीतियों का पुरजोर वकालत करने हुए उन्होंने सीएनएन को दिए अपने इंटरव्यू में यहां तक कहा कि चीन में तैनात उनके राजदूत माइनुल हक ने शिंजियांग प्रांत का दौरा किया है। इस दौरे में उन्होंने पाया है कि वहां पर रहने वाले उइगरों की स्थिति वो नहीं है जो पश्चिमी देश दुनिया को दिखा रहे हैं। बता दें कि पाकिस्तान और चीन वर्षों से काफी करीब हैं। चीन पर पाकिस्तान मुख्य रूप से कर्ज और हथियारों को लेकर काफी निर्भर है। पाकिस्तान पर चीन का अरबों डालर का कर्ज बकाया है। इमरान खान खुद को काफी समय से विश्व के एक बडे मुस्लिम नेता के तौर पर दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने शिंजियांग में चीन की नीतियों को सही ठहराने की पूरी कोशिश की है। बता दें कि विश्व के कई देश और मानवाधिकार संगठन चीन पर उइगरों के खिलाफ अत्याचार और मानवाधिकार उल्लंघन को लेकर कई तरह के आरोप लगाते रहे हैं। हालांकि चीन को अपना पूरा समर्थन देने के पीछे पाकिस्तान की सबसे बड़ी कमजोरी उसका आर्थिक रूप से कमजोर होना ही है। वो इस मजबूरी के तहत अपने कूटनीतिक रिश्तों को चीन से खराब नहीं करने देना चाहता है। यही वजह है कि उसके पास चीन का साथ देने के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं है। वह भी तब जब एक समय उसके बेहद करीब रहने वाले अमेरिका ने उसको अपने से काफी दूर कर दिया है। ऐसे में पाकिस्तान कोई खतरा मोल नहीं लेना चाहता है।

भारत ने चीन पर की डिजिटल स्ट्राइक, 54 चीनी ऐप्स पर प्रतिबंध लगाएगी मोदी सरकार

नई दिल्ली। भारत सरकार ने एक बार फिर चीन पर डिजिटल स्ट्राइक की है। सूत्रों के अनुसार, भारत की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करने वाले 54 चीनी ऐप्स पर भारत सरकार प्रतिबंध लगाएगी।

एएनआइ के अनुसार, इन 54 चीनी ऐप्स में ब्यूटी कैमराः स्वीट सेल्फी एचडी, ब्यूटी कैमराः सेल्फी कैमरा, ईक्वलाइजर एंड बेस बूस्टर, कैमकार्ड फॉर सेल्सफोर्स एंट, इसोलैंड 2ः एशेज ऑफ टाइम लाइट, वीवा वीडियो एडिटर, टेनसेन्ट एक्सराइवर, ऐप लॉक और डुअल स्पेस लाइट शामिल हैं। दरअसल, इससे पहले पिछले साल जून में भारत ने देश की संप्रभुता और सुरक्षा के खतरे को ध्यान में रखते हुए व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे टिकटाक, वीचैट और हेलो सहित 59 चीनी मोबाइल एप्लिकेशन पर प्रतिबंध लगा दिया था। 29 जून के आदेश में प्रतिबंधित अधिकांश ऐप्स को लेकर खुफिया एजेंसियों ने चिंता जाहिर करते हुए कहा था कि, उपयोगकर्ता डेटा एकत्र कर रहे है और संभवतः उन्हें बाहर भी भेज रहे हैं। बता दें कि, भारत सरकार द्वारा यह कार्रवाई 20 भारतीय सैनिकों की शहादत के बाद चीन के खिलाफ की गई थी। पूर्वी लद्दाख की गालवान घाटी में हिंसक झड़प में 20 सैनिक शहीद हो गए थे। हालांकि, सितंबर में भारत सरकार ने 118 चीनी मोबाइल ऐप्स पर भी प्रतिबंध लगाया था। सरकार के फैसले का विरोध किया था।

लायंस क्लब द्वारा स्पोर्ट्स शानदार संपन्न

प्रयागराज। प्लायंस क्लब इंटरनेशनल के प्रयागराज के रीजन एवं जोन चेयरपर्सन के द्वारा लायंस स्पोर्ट्स मीट 2022 का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष लायन चेतन पंड्या जी ने एयर बैलून छोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रोग्राम कन्वीनर लायन सतीश टंडन एवं ऋषि सेठी रहे। कार्यक्रम का संचालन रीजन चेयरपर्सन लायन हिमांशु गुप्ता एवं जगमोहन अग्रवाल ने किया इस मौके पर क्लब की मार्च पास्ट रीजन चेयरपर्सन वीरेंद्र जायसवाल एवं देवव्रत आर्य द्वारा कराई गई। 6 वर्षों से लेकर 80 वर्ष तक के प्रतिभागियों को जोन चेयरपर्सन की टीम लायन संजय गुप्ता ,रीना जयसवाल, रागिनी सिंह, प्रीति टंडन, अनुरागिनी सिंह, मुकेश अग्रवाल, डॉ आर के सिंह, अतुल मल्होत्रा, डॉ एस के शुक्ला द्वारा सकुशल संपन्न कराया गया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष लायन कुंवर बी एम सिंह, डॉ क्षितिज शर्मा, डॉ आर के एस चौहान ,मुकुंद लाल टंडन, नितिन यथार्थ एवं पुष्पा स्वरूप जी को मंडल अध्यक्ष द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर अजय अवस्थी, संजीव लोगाने, अनिल रेखा जयसवाल, लाला भैया, पूर्णिमा सिंह, राजन टंडन, इरा सेठी, इंदर मध्यान् ,वासु मध्यान, डॉ उमा जयसवाल, अर्पण धर दुबे ,अजय मल्होत्रा, रिजवी जी, राजेंद्र गुप्ता, सुधा बहादुर, शिल्पी, प्रज्ञा, प्रणव, सीमा सिंह, शालिनी, हेमा अग्रवाल ,राशि जैस्वाल आदि लोग उपस्थित रहे।

तेज रफ्तार अनियंत्रित मैजिक ने सब्जी विक्रेता को रौंदा, मौत

(आधुनिक समाचार सेवा)
सरफराज अहमद

फूलपुर। बीती रात 7 बजे मैलहन बाजार से सब्जी बेचकर कोडापुर अपने घर जाते समय सब्जी विक्रेता फूलचंद उम्र 40 पुत्र मोहनलाल की मैलहन की ओर से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित मैजिक भभई दीवानगंज के विमला देवी इंटर कॉलेज के सामने रौदता हुआ भाग निकला। पीछे से आ रहे अन्य सब्जी विक्रेताओं ने उनकी पहचान फूलचंद पुत्र मोहनलाल के रूप में करते हुए घर खबर भेजा। ग्रामीणों ने तत्काल गंभीर अवस्था में घायल को फूलपुर सीएचसी लें जाया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा गंभीर अवस्था में देखते हुए एस आर एन रिफर कर दिया गया। रास्ते में ही फूलचंद ने दम तोड़ दिया। शव को पीएम हेतु भेज दिया गया। मृतक के एक बेटा दो बेटियां हैं। घर में मातम छाया है। लोगों ने बताया। कि मैजिक चालक या तो नौसिखिया था। या नशे की हालत में धुत था। क्योंकि पूरे रास्ते में कई को ठोकर मारता हुआ तेजी से जा रहा था।

सड़क हादसे में युवती की हुई दर्दनाक मौत-कोरांव

(आधुनिक समाचार सेवा)
संजय द्विवेदी

प्रयागराज। कोरांव थाना अन्तर्गत ग्राम पंचायत जताहरा पोस्ट पथरा की कुमारी प्रतिभा पुत्री दुधनाथ शर्मा उम्र लगभग 16 वर्ष की लड़की ने दुकान में सामान खरीदने के लिए साइकिल से सुभाष गांव में आई थी।हाइवे रोड के किनारे जी सी बी खड़ी हुईं थीं।जिससे अचानक युवती ने जीसीबी के बगल साइकिल लेकर पहुच गई थी।कोहडार के तरफ से कोरांव की ओर जा रही ट्रक यू पी 70 बी टी 4671 ने कुचल दिया जिससे मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।ट्रक चालक ने गाड़ी लेकर भागने का प्रयास किया लेकिन गामीणो ने गाड़ी का पीछा कर सुभाष चौराहे पर रोक लिया। गांव के लोगो ने एकत्रित होकर ट्रक चालक को पकड लिया।घटनास्थल पर तत्काल पहुंचे मय फोर्स के साथ थाना प्रभारी निरीक्षक राम आसारे

यादव ने लड़की को अपने ही गाडी पर स्वयं पिता के साथ उठवाकर बीच वाली सीट पर लेटा दिया गया।आनन-फानन में ट्रक चालक को भी अपने कब्जे में लेकर समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अस्पताल कोरांव में पहुंच गए। जहां पर डाक्टरो ने युवती को मृत घोषित कर दिया।थाना प्रभारी ने मृत शव को अस्पताल से निकलवाकर थाना कोरांव में लाया गया।ट्रक चालक को गिरफ्तार कर हौलद मे डाल दिया।युवती की शव को पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया।सुभाष गांव के लोगो ने थाना प्रभारी निरीक्षक राम आसरे यादव को सराहते हुए धन्यवाद दिया।घर परिवार में सुचना मिलते ही परिवार में मचा कोहराम माता पिता भाई का रो-रो कर हाल बेहाल हो गया।

भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में उमड़ा जनसैलाब-कोरांव

(आधुनिक समाचार सेवा)
संजय द्विवेदी

कोरांव (प्रयागराज)। सुरक्षित विधान सभा 265 कोरांव में भाजपा प्रत्याशी को मिला जनता का भारी समर्थन कोरांव विधायक के द्वारा कराए गए विकास कार्यों एवं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ योगी के विकास कार्यो के लोगो तक बताया गया। लोगो ने गदगद होकर जय-जय श्री राम का नारा लगाना शुरू कर दिया।विधायक ने एक एक जन-मानस से मुलाकात कर मांगा आशीर्वाद व समर्थन राजमणि कोल ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि हमारे द्वारा कराए गए विकास कार्य जनता के सामने स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।विकास कार्य जो समय से नही हो पाया है तो अगर आप लोगो का आशीर्वाद प्राप्त हुआ तो शीघ्र ही विकास कार्य कोरांव विधान सभा में होगा।विधायक ने कहा कि हमारा शोभाव आप लोग जानते है बताने की कोई आवश्यकता नही।हम आपके घर के लड़के है। अगर हमसे कोई त्रुटी हो गई होगी तो हमें क्षमा करे।आप लोग हमें आशीर्वाद दे और समर्थन करें। विधायक ने कई ग्राम पंचायतो में किया दौरा और कोविड-19 का पालन करते हुए गांव गांव में जाकर लोगो से मुलाकात कर लोगो की सुनी फरियाद और दिए दिशा निर्देश।जिसमे बड़ोखर, भवानीपुर,मानपुर,हंडिया आदि गांवों में किया दौरा।भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

भागीदारी परिवर्तन मोर्चा की वास्तविक प्रत्याशी मंजू मौर्य

प्रयागराज। 257 प्रतापपुर बिधान सभा की भागीदारी परिवर्तन मोर्चा की संयुक्त प्रत्याशी मंजू मौर्य ने बताया कि गठबंधन मोर्चा जन

अधिकार पार्टी, ए.आई. एम.,आई.एम भारतीय वंचित समाज पार्टी एवं जन क्रांति पार्टी की संयुक्त प्रत्याशी मैं ही हूं समस्त पाटिर्यों के प्रतिनिधि जुलकरनैन विधानसभा अध्यक्ष प्रतापपुर ए.आई.एम., आई. एम, सुषमा मौर्य राष्ट्रीय महासचिव जन अधिकार पार्टी, राकेश कुशवाहा जे. ए. पी., सत्येंद्र कुशवाहा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र कुशवाहा विधानसभा अध्यक्ष ने प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा मंजू मौर्य को ही गठबंधन प्रत्याशी घोषित किया । जुलकरनैन विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि मैं इस बात की घोषणा करता हूं कि मेरे पास अभी तक जो भी सूचना है उसके अनुसार मंजू मौर्य ही संयुक्त मोर्चा प्रत्याशी अर्थात ए आई एम आई एम द्वारा समर्थित प्रत्याशी है हम पूरी पार्टी के कार्यकर्ता के साथ इनका प्रचार प्रसार करेंगे इसी प्रकार बैठक में मौजूद समस्त प्रतिनिधियों ने मंजू मौर्य को अधिकृत प्रत्याशी मानकर प्रचार-प्रसार कि बात कही

वरिष्ठ सपा नेताओं की मौजूदगी मे शहर पश्चिमी प्रत्याशी ऋचा सिंह के केन्द्रिय कार्यालय का हुआ उदघाटन

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा शहर पश्चिमी विधान सभा से सपा प्रत्याशी डॉ ऋचा सिंह के केन्द्रीय कार्यालय का वरिष्ठ सपा नेताओं की उपस्थिति मे फीता काट कर उदघाटन किया गया।विधान सभा अध्यक्ष अभिमन्यु पटेल की अध्यक्षता व महानगर महासचिव रवीन्द्र यादव रवि के संचालन मे कार्यकर्ताओं संग बैठक हुई जिसमे वरिष्ठ नेताओं वर्तमान उत्तर प्रदेश सरकार की खामियों को उजागर करते हुए डॉ ऋचा सिंह को भारी बहुमत से जिताने का आह्वान किया।ज़िलाध्यक्ष योगेश चन्द्र यादव ,वरिष्ठ सपा नेता विनोद चन्द्र द्वबे ,कमरुल हसन सिद्दीकी ,नगर उपाध्यक्ष इसरार अन्जुम ,महेन्द्र निषाद ,शिक्षक विधायक डॉ मान सिंह यादव ,पूर्व सांसद धर्मराज पटेल ,पूर्व विधायक सत्यवीर मुनन ,पूर्व प्रदेश सचिव अब्दुल हलमान ,वरिष्ठ अधिवक्ता के के राय ,मुज़फ्फर बाग़ी ,सहयोगी दल अपना दल कमेरावादी के विधान सभा अध्यक्ष प्रीतम सिंह पटेल ,अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय सचिव महबूब उसमानी व वज़ीर खाँ आदि नेताओं ने भाजपा सरकार के साथ प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भाषाशैली पर आपत्ती दर्ज कराते हुए उनहे प्रदेश का सबसे बड़ा

माफिया बताया।कहा सपा को गुण्डों की पार्टी बताने वाली योगी सरकार मे जहाँ सैकड़ो गुण्डा मंत्री बने रहे वहीं वर्तमान चुनाव मे भी दाग़ी लोगों को टिकट दिए गए है।सपा प्रत्याशी डॉ ऋचा सिंह ने सबसे वोट देने की अपील की वहीं शहर पश्चिमी से बड़ी संख्या मे दावेदार रहे आवेदकों का आभार भी व्यक्त किया।आवेदक रमाकान्त पटेल ,तारिक सईद अज्जू ,पियुश सिंह पटेल ,इसरार अन्जुम ,मयंक यादव जॉन्टी सहित अमरनाथ मौर्या का भरपूर समर्थन मिलने पर धन्यवाद करने के साथ आभार भी व्यक्त किया।कार्यक्रम में योगेश यादव ,रवीन्द्र यादव ,इसरार अन्जुम ,महेन्द्र निषाद ,अभिमन्यु पटेल ,शकील अहमद ,अदील हमज़ा ,सबीहा मोहानी ,सावित्री सिंह ,उर्मिला सिंह ,मो0जमाल अफज़ल ,ननकऊ ,यादव ,मुशीर अहमद ,सैफ फरीदी ,शाहिद प्रधान ,मंजू पाठक ,इन्दू यादव ,निर्मला यादव ,रीता मौर्या ,सुनीता यादव ,पूनम पाठक ,गुड्डी यादव ,पिन्टू यादव ,मुज़ीब अहमद ,यथांश केसरवानी ,प्रमोद यादव बच्चा ,इमरान यूसुफ ,वीरु पासी ,बच्चा पासी ,मक़सूद अहमद ,नौशाद सिद्दीकी ,सत्यवेन्द्र यादव आज़ाद ,मो0सुलतान ,काशान सिद्दीकी ,सौरभ यादव रामा ,राजेश शर्मा ,शान यदुवंशी ,रोहित यादव ,जयभारत यादव ,सचिन दास ,पार्षद गण मो0आज़म ,अनीस अहमद ,अब्दुल समद ,रमीज़ अहसन ,फैज़ी इशरत ,शिवओम सिंह पटेल ,नेपाल सिंह पटेल ,शिवदत्त त्रिपाठी ,शिव कुमार तिवारी ,अटल पाण्डेय ,आलोक कुमार उपाध्याय ,गुलरेज़ अहमद ,रमेश यादव ,अज़मी रिज़वी ,ज़ामिन हसन ,सुनील यादव ,दिलीप यादव ,मो0ज़ाहिद ,सै0मो0अस्करी आदि उपस्थित रहे।

3 मार्च को होगा हन्डौर का उर्स एवं मुशायरा,हुई तैयारी बैठक

(आधुनिक समाचार सेवा)
रामेन्द्र सिंह

लालगंज (प्रतापगढ़) ।पौराणिक गाँव हन्डौर में हर साल की तरह इस बार भी बाबा मद्दी शहीद का उर्स और मुशायरा 3 मार्च को आयोजित किया गया है। इस उर्स के फाउंडर महमूद आलम ने मजार पर सजावट और दीगर तैयारियां शुरू कर दी हैं। पिछले साल की तरह इस साल भी इस गाँव के निवासी राष्ट्रीय कवि एवं शायर डॉ0रणजीत सिंह की पहल पर मोहम्मद अमीन कल्लू ने कौमी एकजहती मुशायरे की शुरुआत की है।दिन में 11बजे से लगभग 2तक यह मुशायरा चलेगा। मुशायरा इंतजामियां कमेटी के मेंबरान मो0 कमाल,मो0अफसर, मिर्जा सफीक बेग गुड्डू,छोटे भाई मो0कलाम,मो0अंसार, मो0अफजल आदि ने विचार विमर्श करते हुए मुशायरे की तैयारी की है।मुशायरे के कन्वीनर मो0अमीन कल्लू और संरक्षक अभय प्रताप सिंह मुनन होंगे। खुसूसी मेहमान ग्राम प्रधान नीतेश सिंह वीरू होंगे।

सदर एवं विश्वनाथगंज के प्रेक्षकों ने किया विभिन्न स्थलों का निरीक्षण

(आधुनिक समाचार सेवा)
रणजीत सिह

.प्रतापगढ़। विधानसभा के निर्वाचन को सकुशल एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने को दृष्टि में रखकर सदर एवं विश्वनाथगंज के प्रेक्षकों ने विभिन्न स्थलों का निरीक्षण करके वस्तुस्थिति का संज्ञान लिया। विधानसभा क्षेत्र 248सदर सामान्य प्रेक्षक एस0ए0 रमन एवं एसडीएम सदर के साथ क्रिटिकल मतदान वेकंद्र-24 प्रा0विद्यालय माल गोदाम रोड, 28 प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाइन, 30 राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़, 36 तिलक इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ का निरीक्षण किया गया तथा जरूरी व्यवस्थाये कराने हेतु निर्देशित दिये गए, इसके साथ-साथ उड़नदस्ता टीम द्वारा इलाहाबाद फैजाबाद रोड के छीडा बॉर्डर पर की जा रही निगरानी का निरीक्षण किया तथा जरूरी निर्देश दिए गये। निरीक्षण के दौरान लाइजन आफिसर श्री चंद्रवीर, कानूनगो राहुल सिंह सदर तहसील प्रतापगढ़ भी उपस्थित रहे।विधानसभा क्षेत्र 247 विश्वनाथगंज के प्रेक्षक एस0सरवन ने भी क्रिटिकल बूथ सराय मुरार सिंह,पुरैलि, गाजीपुर का निरीक्षण किया।

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज

भारत सरकार की कौशल विकास योजना में अगस्त 2021 से प्रारम्भ हो रहे सत्र के लिए निम्नलिखित ट्रेडों में दाखिले के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। ट्रेड प्रवेश योग्यता तथा प्रस्तुत विभिन्न पाठ्यक्रमों की अवधि इस प्रकार है-

क0सं0	ट्रेड का नाम	ट्रेड की अवधि	योग्यता
1.	कोपा	1 वर्ष	12वीं पास
2.	फिटर	2 वर्ष	10वीं पास
3.	बेसिक कम्प्युटिंग	6 माह	साक्षर
4.	डाटा इंट्री ऑपरेटर	6 माह	10वीं पास
5.	फायर प्रिवेन्शन एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी	6 माह	8वीं पास
6.	सेक्योरिटी सर्विस	6 माह	8वीं पास
7.	कम्प्यूटर हार्डवेयर एण्ड एसेम्बली	1 वर्ष	10वीं पास
8.	सर्टिफिकेट इन कम्प्युटर एप्लीकेशन	1 वर्ष	10वीं पास
9.	इलेक्ट्रिकल टेक्निशियन्स	1 वर्ष	8वीं पास
10.	रेफरिजरेटर एण्ड एयर कन्डिसनिंग	1 वर्ष	8वीं पास
11.	योगा असिस्टेन्ट	1 वर्ष	10वीं पास
12.	वेल्डिंग टेक्नोलॉजी	1 वर्ष	8वीं पास
13.	कम्प्यूटर टीचर ट्रेनिंग कोर्स	1 वर्ष	10वीं पास

1.प्रमाण पत्रः- सफल प्रशिक्षणार्थियों को भारत सरकार द्वारा प्रमाणपत्र दिए जाते है, जो केंन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अधीनस्थ पद एवं सेवा में भर्ती के लिए मान्य है। **2.चयन की प्रक्रियाः-** इस वर्ष कोविड-19 महामारी के चलते सभी सीटों पर दाखिले पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किये जायेंगे। **3.आयु सीमाः-** उम्मीदवारों की आयु 1 अगस्त 2021 को न्यूनतम 14 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। **4.आवेदन कैसे करेः-** आवेदन फॉर्म संस्थान की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन भरे जा सकते है तथा संस्थान के कार्यालय से निःशुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है। **5.**आवेदन फॉर्म भरते समय पंजीकरण शुल्क रूपये 2665/- का भी देय होगा। **6.कक्षायें/उपस्थितिः-** छात्रों की उपस्थिति में दो भाग शामिल है- थ्योरी क्लास और ट्रेनिंग इस वर्ष कोविड-19 स्थिति के कारण सभी छात्र संस्थान द्वारा आयोजित ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेंगे तथा उसके लिए संस्थान में छात्रों की भौतिक उपस्थिती की अनिवार्यता नहीं है, जब तक कोविड-19 की वर्तमान स्थिति समाप्त नहीं हो जाती है। प्रशिक्षण के लिए छात्रो को प्रधानाचार्य की अनूमति के साथ, अपने सम्बंधित मूल स्थानों पर प्रशिक्षण पूरा करने की अनुमति है। परीक्षा के समय छात्रों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। **7.छात्रवृत्तिः-** दाखिले के उपरांत शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए सभी ट्रेडों में आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी, जिनके पास आय प्रमाण पत्र एवं सम्बन्धित दस्तावेज मौजूद हो वे सभी भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजनाओं में आवेदन कर सकते है। **8.** अधिक जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइटः- **www.nainiiti.com** देखें। **9.दाखिले की अंतिम तिथिः-** **15 फरवरी 2022**

सम्पर्क सूत्र :- 0532-2695959, 9415608710,
9807278552, 9415608790

देश की प्रगति में है महिलाओं का अहम योगदान

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

बलिया। देश की उनन्ति में महिलाओं का विशेष योगदान है। आज समाज के हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों की बराबरी कर रही हैं। हर कदम पर पुरुषों का साथ देते हुए देश के चहुंमुखी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उक्त बातें अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बलिया की शासकीय प्राथमिक विद्यालय मे नये-नये आयाम से पठन-पाठन का कार्य कर अपनी अलग पहचान बनाकर

बलिया के शिक्षा जगह मे शासन से सम्मानित होने का गौरव प्राप्त

शिक्षिका अंजली तोमर ने एक खास मीडिया की वार्ता के दौरान कही। शिक्षिका अंजली तोमर ने कहा कि वर्तमान की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों को देखते हुए महिलाओं को शिक्षित होना बेहद जरूरी है।यदि महिलाएं शिक्षित होंगी तो समाज भी शिक्षित व सभ्य होगा। अंजली तोमर शिक्षिका

राजनीतिक दलों के प्रचार की गाड़ी बना आइटी सेल

वाराणसी। कोरोना महामारी ने जीवन के कई पक्षों की तरह चुनाव प्रचार और पार्टियों के संगठन में भी बदलाव ला दिया। पाटिर्यों में जो आइटी सेल परदे के पीछे काम करती थी वो एकाएक सामने आ गई। विज्ञापन सामग्री और प्रचार के अन्य साधनों पर रोक ने पाटिर्यों में इस विभाग का महत्व एकाएक बढ़ा दिया। विधानसभा चुनाव के इस रण में आइटी सेल खेल का और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। पेश है भाजपा, कांग्रेस और सपा की आइटी सेल पर आधारित रिपोर्ट। भाजपा की टीम दिन-रात हमलावर : कोरोना काल में हो रहे विधानसभा चुनाव में प्रचार का तरीका बिल्कुल बदल गया है। अब बड़ी-बड़ी रैलियों, रोड शो की बजाए इंटरनेट मीडिया पर फोकस किया जा रहा है।

वाराणसी में चेकिंग के दौरान इतने लाख रुपया कैश बरामद

(आधुनिक समाचार सेवा)
देवभूषण कन्नौजिया

वाराणसी। उपजिलाधिकारी/रिटर्निंग आफिसर- 384, पिण्डरा ने बताया कि शनिवार को विधानसभा 384 पिण्डरा में स्थित बाबतपुर पुलिस चौकी, थाना-फूलपुर पर आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के क्रम में पुलिस/पलाइग स्क्वाड टीम/स्टैटिक सर्विलांस टीम द्वारा कुल रू0-1,50000/-(एक लाख पचास हजार रूपया मात्र) थाना-फूलपुर क्षेत्रान्तर्गत जांच के दौरान बरामद किया गया है, जिसका कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण वाहन स्वामी/ड्राइवर आमिर खॉन पुत्र अब्दुल कवी खॉन ग्राम-जागापुर पोस्ट-काशीपुर थाना-अहरौला, जनपद-आजमगढ़ 30प्र0 द्वारा न दे पाने की दशा में जब्त करते हुये अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने मुख्य कोषाधिकारी को पत्र लिखकर जब्तशुदा कुल धनराशि रू0-1,50000/- (एक लाख पचास हजार रूपया मात्र) की प्राप्ति स्वीकार कर उसे अग्रिम आदेश तक अपनी अभिरक्षा/ट्रेजरी के डबल लॉक में रखवाया जाना सुनिश्चित करायें जाने को कहा है।

कार पलटने के बाद लगी आग, बाल-बाल बचे सवार

(आधुनिक समाचार सेवा)
एस पी0 गुप्ता

बलिया। जिले के नगरा-भीमपुरा मार्ग पर चचया गांव के पास शुक्रवार की देर रात कार में

आग लग गई। उसमें सवार पांच युवकों को ग्रामीणों ने बचा लिया। पुलिस युवकों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई जहां चिकित्सक ने सभी को सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गाजीपुर जिले के बरेसर निवासी आतिश कुमार सिंह, झब्बर सिंह, पीयूष, अतुल सिंह व जय सिंह युवक मऊ के हलधरपुर थाना क्षेत्र के बेलौझा गांव में किसी उत्सव में गए थे। देर रात कार से नगरा की तरफ आ रहे थे। चचया गांव स्थित टंकी के पास ही पहुंचे थे कि तेज रफ्तार के कारण कार पलट गई। सभी युवक उसी में फंसे हुए थे। गाड़ी पलटने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण पहुंच गए और कार में फंसे युवकों को बाहर निकाला। इसके कुछ देर बाद कार में आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष संजय सरोज घटनास्थल पर पहुंच गए और घायल सभी युवकों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंची। तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी।

वाराणसी में खप रही हरियाणा की शराब, तस्करी रोकने में आबकारी विभाग की टीम फेल

वाराणसी। विधानसभा चुनाव आते ही शराब की तस्करी और जमाखोरी का सिलसिला तेज हो जाता है। विधानसभा चुनाव के साथ ही होली आने वाली है, ऐसे में उत्तर प्रदेश की खपत को पूरा करने के लिए बड़े पैमाने पर प्रदेश

के पड़ोसी राज्य हरियाणा से अवैध शराब लाई जा रही है। यह जरूर है कि हरियाणा से आने वाली अवैध शराब को पकड़ने के लिए आबकारी विभाग की टीम लगाई गई है लेकिन वह पकड़ने में पूरी तरह विफल है। वहीं, पुलिस आए दिन अवैध अंग्रेजी शराब के साथ कच्ची शराब बनाते हुए पकड़ रही है। जबकि आबकारी विभाग को अवैध शराब पकड़ने के लिए मुखबिर पर खर्चा करने को पैसा मिलता है, आखिर वह पैसा जाता कहां है और इतनी बड़ी फौज करती क्या है। प्रदेश और जिले में शराब तस्करी कोई नई बात नहीं है लेकिन बिहार में शराब की बिक्री पर पूरी तरह से रोक होने के साथ ही उत्तर प्रदेश से बिहार तस्करी कर शराब बेची जा रही है। बिहार में अवैध तरीके से शराब बेचने का मामला कई बार उजागर चुका है। हर बार पुलिस और आबकारी विभाग पकड़ कर वाहवाही लूटती है लेकिन जमीनी स्तर पर उनके खिलाफ कोई बड़ी कार्रवाई नहीं हो पाती है जो कार्रवाई उनके खिलाफ होती वह कुछ ही दिनों में जमानत पर बाहर होते हैं। ऐसे में शराब तस्करों को आबकारी और पुलिस विभाग का कोई डर नहीं रहा। पिछले दिनों रायबरेली जनपद में जहरीली शराब से कई लोगों की मौत होने पर आबकारी आयुक्त ने नाराजगी जताई थी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया था कि जिस जनपद में अवैध तरीके से शराब बनाते हुए पाई गई वहां के जिला आबकारी अधिकारी और इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, इतना ही नहीं उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई होगी। आबकारी आयुक्त के आदेश के साथ ही कुछ दिनों तक पुलिस और आबकारी विभाग फास्ट जरूर रहा लेकिन समय बीतने के साथ फिर कोमा में चले गए। स्थिति यह है कि कार्रवाई के बारे में पूछने पर कोई भी अधिकारी बोलने को तैयार नहीं होता है, बस एक ही जवाब देते हैं कार्रवाई से आपको अवगत करा दिया जाएगा लेकिन कब कार्रवाई होगी इसके बारे में कुछ भी बताने से इंकार कर देते हैं। इस बारे में उप आबकारी आयुक्त वाराणसी दिनेश कुमार मणि तिवारी का कहना है कि कहीं न कहीं विभागीय लापरवाही के चलते जनपद में अवैध तरीके से अंग्रेजी शराब बिकती है और कच्ची शराब बनाने का धंधा चल रहा है।ऐसे लोगों को चिन्हित किया जाएगा।

बलिया शिक्षा के मंदिर की लोकप्रिय शिक्षिका,अन्नू सिंह ने राष्ट्रीय महिला दिवस पर दिया संदेश

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

बलिया। राष्ट्रीय महिला दिवस पर मैं सभी महिलाओं को यह संदेश देना चाहूंगी कि वह अपने आप को

सिर्फ अपने घर परिवार तक सीमित न रखें। उन्हें घर की चारदीवारी से बाहर निकल कर हर जिम्मेदारियों का पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सामना करने का जज़्बा व हौसला बनाये रखने की बखूबी कोशिश करते रहना चाहिए। मन में यह गांठ बांध लेने की जरूरत है कि दुनिया का कोई भी काम असंभव नहीं है। जरूरत है बस अपने अंदर के हौसले व जुनून को सदैव बनाए रखने की। साथ ही हर महिला को उसके परिवार व समाज के सपोर्ट की भी जरूरत है। हमें अपनी सोच के दायरे को इतना बढ़ाना होगा की कामयाबी के जिस सपने को हम देखें उसे पूरा करके ही दम ले। कोई भी काम हमारे लिए असंभव नहीं है बस उस काम के प्रति खुद को फोकस करने की जरूरत है। मुझे गर्व है बलिया का शिक्षा के मंदिर की महिला शिक्षक संघ और जिला प्रशासन ने अपना भरपूर सहयोग दिया है।जो हम सबके लिए एक मिसाल है।

किशोरी सशक्तिकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

किशोरी नेतृत्व क्षमता विकास तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

(आधुनिक समाचार सेवा)
सर्वेश कुमार यश

रोहनिया (वाराणसी)। मनरेगा मज़दूर यूनियन व जन शिक्षण संस्थान के संयुक्त

तत्वावधान में किशोरी सशक्तिकरण के तहत आराजी लाईन ब्लाक के समक्ष स्थित मनरेगा मज़दूर यूनियन के सभागार में किशोरियों को नेतृत्व क्षमता विकसित करने हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। यहाँ विगत तीन दिनों से किशोरियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में मनरेगा मज़दूर यूनियन के संयोजक सुरेश राठौर ने किशोरियों को सशक्तिकरण के तहत कई तरह की जानकारियां दी। उन्हों ने किशोरियों को जीवन कौशल, शिक्षा, समुदाय में महिलाओं का नेतृत्व, स्वावलंबी बनाने संबंधित विशेष जानकारी दी। मौके पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन मंचदूतम नाट्य कला मंच के अजय रोशन व ज्योति ने प्रशिक्षण में शामिल किशोरियों को लिंग भेद, किशोर अवस्था में पोषण, स्वास्थ्य, कानून अधिकार, सुरक्षा के प्रति जागरूकता एवं समुदाय में सौहार्द के अलावा महिलाओं से संबंधित कानूनी जानकारी भी दी। प्रशिक्षण में आराजीलाईन ब्लाक की साठ किशोरियों ने हिस्सा लिया।

वाराणसी में भाजपा, कांग्रेस और सपा उम्मीदवारों ने किया नामांकन

वाराणसी। भाजपा के सभी उम्मीदवारों का चुनाव नामांकन आज सोमवार को जिला मुख्यालय पर हो रहा है। सुबह से ही भाजपा नेता अपने समर्थकों के साथ उत्साहित होकर शुभ मुहूर्त के अनुसार नामांकन करने के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं समाजवादी पार्टी

और कांग्रेस नेता भी सोमवार को अपना नामांकन कर रहे हैं। सुबह से ही नाचते गाते समर्थकों और मंदिरों में पूजा अर्चन कर तिलक लगाकर उम्मीदवारों ने बड़ों का आशीर्वाद लिया और नामांकन करने समर्थकों संग निकल पड़े। इस कड़ी में डा. नीलकंठ तिवारी सुबह 9.30 बजे चितरंजन पार्क से गोदौलिया मैदागिन लहुराबीर होते कचहरी पहुंचे। रवींद्र जायसवाल सुबह दस बजे मलदहिया चौराहा से अंधरापुल होते कचहरी पहुंचे। सौरभ श्रीवास्तव सुबह नौ बजे संकट मोचन मंदिर के पास रामेश्वरम वाटिका से लंका, अस्सी, सोनारपुरा, गोदौलिया, गुरुबाग, रथयात्रा, सिगरा, अंधरापुल होते कचहरी पहुंचे। अनिल राजभर सुबह 11 बजे सारनाथ रिंग रोड से मीरापुर बसही होते कचहरी पहुंचे। वहीं डा. अवधेश सिंह सुबह नौ बजे पिंडरा से निकलेंगे और कचहरी नामांकन के लिए पहुंचे। इसकी वजह से रास्ते में काफी भीड़ होने की वजह से लोगों का आवागमन भी बाधित हुआ। दूसरी ओर कांग्रेस नेता अजय राय सुबह 9.30 बजे बाबतपुर पुराना एयरपोर्ट से कचहरी के लिए प्रस्थान किए।जबकि किशन दीक्षित सपा की ओर से सुबह 8.30 बजे महामृत्युंजय महादेव मंदिर से कचहरी के लिए प्रस्थान किए। इसके अलावा कुछ निर्दलियों द्वारा भी सोमवार को शुभ मुहूर्त में नामांकन की तैयारी दिन भर नजर आई। जबकि प्रत्याशियों द्वारा जुलूस निकालने की वजह से जगह जगह यातायात भी कचहरी परिसर तक कुछ जगहों पर बाधित हुआ। ढोल नगाड़ों के साथ ही प्रत्याशियों का हुजूम कुछ इस तरह निकला मानो पूरी बारात ही उमड़ पड़ी हो। बारात सरीखा नजारा और माथे पर तिलक लगाकर आशीष लेकर निकले उम्मीदवारों के समर्थन में नारेबाजी का भी खूब दौर चला तो जगह जगह रुककर उम्मीदवारों ने लोगों से विजय के लिए समर्थन भी मांगा।

यूपी दारोगा भर्ती परीक्षा : सॉल्वर गिरोह आपराधिक कमाई रियल स्टेट में करता था निवेश

वाराणसी । दारोगा भर्ती व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं से कमाई गई रकम साल्वर गिरोह रियल स्टेट में करता था। इसके लिए गिरोह के सदस्यों ने कंपनी भी खोल रखी थी। स्पेशल टास्क फोर्स व पुलिस के निशाने पर इनकी कंपनियां व अन्य आरोपित भी हैं। इस पूरे मामले को उजागर करने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका चितईपुर थाना प्रमुख रिजवान बेग व रोहनिया थाने पर तैनात उपनिरीक्षक अनुराग कुमार मिश्रा की रही। बता दें कि 17 दिसंबर को चितईपुर पुलिस ने दारोगा भर्ती परीक्षा के दौरान धानूराम आनलाइन टेस्ट एंड कम्प्यूटर अप्लीकेशन, धर्मवीर नगर कालोनी में अभ्यर्थी रोहित यादव को गिरफ्तार किया था। इसके अलावा 23 दिसंबर को रोहनिया पुलिस ने अभ्यर्थी अमन पटेल व वशिष्ठ वर्मा को परीक्षा केंद्र में प्रवेश के दौरान विग व इलेक्ट्रानिक डिवाइस के साथ पकड़ा था। तीनों से पूछताछ में पुलिस को साल्वर गिरोह के बारे में अहम जानकारियां मिली थीं। उसी आधार पर एसटीएफ ने साल्वर गिरोह के तीन इनामी जालसाजों पुष्पराज, धर्मराज व प्रभाकर को गिरफ्तार किया था। गत 16 दिसंबर को धर्मराज आठ विग लेकर इलाहाबाद से रोडवेज बस से वाराणसी आया था। कैंट स्टेशन के पास कालका होटल में धर्मराज यादव ने कमरा लिया था।

दो दिवसीय जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता संपन्न

(आधुनिक समाचार सेवा)
सर्वेश कुमार यश

वाराणसी। जिला स्तरीय खेल - कूद प्रतियोगिता हरहुआ क्षेत्र में बम बम एकेडमी स्टेडियम ग्राउंड में

नेहरू युवा केंद्र वाराणसी द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार जिला युवा अधिकारी निखिल गुप्ता के नेतृत्व में संपन्न किया गया। तथा पहले दिन बालिका वर्ग को खेल कराया गया।जिसमें मुख्य अतिथि आर्मी रिटायर राजकुमार खेल के प्रति उत्साह वर्धन किए तथा वही विजेता प्रतिभागी कबड्डी प्रथम आराजी लाइन, द्वितीय चोलापुर विजेता हुआ। इसी प्रकार खो-खो प्रथम विजेता आराजी लाइन, द्वितीय बड़ागांव 100 मीटर में आराधना प्रथम, 200-400 मीटर में शिवानी पाल, ऊंची कूद में प्रथम विजय लक्ष्मी एवं लंबी कूद में निधि यादव प्रथम स्थान प्राप्त की। वही दूसरे दिन बालक वर्ग वॉलीबॉल प्रथम स्थान काशी विद्यापीठ, द्वितीय बड़ागांव, दौड़ 100मी प्रथम मोहित, द्वितीय विनय, तृतीय रोहित, 200मी प्रथम अरुण द्वितीय किसन, तृतीय आर्यन, 400मी प्रथम विनय, द्वितीय गौरव, तृतीय किसन, ऊंची कूद प्रथम गौरव, द्वितीय अरुण, तृतीय आर्यन, लंबी कूद प्रथम अभिषेक, द्वितीय मोहित, तृतीय आलोक, विजेता रहे। कार्यक्रम के तत्पश्चात युवाओं को मतदान करने का अपील के साथ शपथ कराया गयाइस दौरान प्रमुख रुप से लेखाकार रामचंद्र मौर्य, यूपी कैम्पा मेंबर बृजभान, पूर्व एन वाई वी अरविंद सिंह, एन वाई वी राजेश कुमार विश्वकर्मा, शिफ्ट आप शिफ्ट आप शिव प्रताप, देवेंद्र कुमार, प्रवेश, वैभव, संजना, वैशाली इत्यादि युवा-युवती उपस्थित रही।

बलिया मे रेलवे पुलिस ने रेल संपत्ति बेचने जा रहे चोरों को दबोचा

(आधुनिक समाचार सेवा)
शीतल निर्भीक

बलिया। आरपीएफ ने रेलवे की संपत्ति चुराकर बेचने वाले तीन चोरों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर

लिया। उनके पास से चोरी के कीमती सामान, दो मोबाइल व एक ई-रिक्शा बरामद किया गया। वहीं एक चोर फरार है, जिसकी खोजबीन चल रही है। रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने को लेकर प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह के निर्देश पर उप निरीक्षक लल्लन चौधरी व एसआई जैनेंद्र मिश्रा टीम संग गुरुवार की रात स्टेशन परिसर में गश्त पर थे। प्लेटफार्म नंबर चार व रेलवे कालोनी के बीच सिगन्ल विभाग के स्टोर के पीछे खड़े एक ई-रिक्शा पर कुछ लोग सामान लोड करते दिखे। टोकने पर एक युवक अंधेरा का लाभ उठा भाग निकला। जबकि जवानों ने दौड़कर तीन व्यक्तियों को पकड़ लिया। इसमें सेराज खान, इम्तियाज खान उर्फ अप्पू खान, बिट्टू निवासी बहेरी थाना कोतवाली रहे। ई-रिक्शा पर रखे सामान को चेक किया तो उसमें सिगन्ल विभाग में प्रयोग होने वाला 50 किलो का ट्रांसफार्मर व रेल लाइन में लगाने वाला पैंडल मिला। पूछने पर पकड़े गए व्यक्तियों ने बताया कि रेलवे सिगन्ल विभाग के स्टोर व पीडब्लुआई स्टोर से चोरी कर उक्त सामान बेचने ले जा रहे थे। वह आए दिन विभिन्न स्टेशनों पर सामान चुराकर बेचा करते है। आरपीएफ ने रेल संपत्ति को चुराने के मामले में संबंधित धारा में चालान कर दिया। आरपीएफ प्रभारी अजय सिंह ने बताया अन्य स्टेशनों पर रेल संपत्ति की चोरी में इनकी संलिप्तता पर जांच हो रही है।

वाराणसी में पछुआ हवाओं के जोर के साथ बादलों की मामूली सक्रियता जल्द, जानें कब शुरू होगी गर्मी

वाराणसी। मौसम विज्ञानी मान रहे हैं कि आसमान में बादलों की अब सक्रियता तो होगी लेकिन पर्याप्त स्थितियों के अनुकूल न होने से बादल जल्द ही आगे भी बढ़

जाएंगे। इसी के साथ पछुआ हवाओं का जोर दिन में लोगों को पर्याप्त राहत भी देगी और लोगों को ठंड से राहत भी जल्द ही मिलने लगेगी। मौसम विभाग ने इस पूरे सप्ताह बादलों की मामूली आवाजाही के संकेत दिए हैं। बादलों की आवाजाही से तापमान में उतार चढ़ाव का क्रम तो होगा लेकिन बूंदाबांदी न होने से मौसम का रुख सामान्य बना रहेगा। इसकी वजह से आने वाले दिनों में मौसम का रुख भी औसत ही बने रहने की उम्मीद है। बीते चौबीस घंटों में अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य रहा। न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से तीन डिग्री कम रहा। आर्द्रता अधिकतम 71 फीसद और न्यूनतम 39 फीसद दर्ज की गई। मौसम विभाग की ओर से जारी सैटेलाइट तस्वीरों के अनुसार पूर्वांचल में मौसम का रुख अब सामान्य चल रहा है। जबकि, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के बाद मौसम में बदलाव के साथ बादलों की मामूली सक्रियता का अंदेशा जताया है। आने वाले दिनों में मौसम का रुख पछुआ हवाओं के साथ और बदलेगा। मौसम का रुख सामान्य होने की वजह से अब बादलों की आवाजाही से भी अधिक फर्क नहीं पड़ना है। ऐसे में पछुआ और शुष्क हवाएं पूर्वांचल में गर्मी के लिए मार्ग प्रशस्त करेंगी। इससे उम्मीद है कि माह भर में ठंड का दौर खत्म होने के साथ ही पूर्वांचल में गर्मी का मामूली अहसास शुरू हो जाएगा। जबकि मध्य मार्च के बाद से ही पूर्वांचल में गर्मी का असर शुरू हो जाएगा और मध्य अप्रैल के बाद लू के थपेड़ों का अहसास भी होने लगेगा और समूचा पूर्वांचल गर्मी की चपेट में आ जाएगा।

पुलिस ने जन चौपाल लगाकर निडर होकर मतदान करने की अपील

(आधुनिक समाचार सेवा)
अनिल कुमार अग्रहरि

डाला सोनभद्र । आगामी विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए पुलिस ने जन चौपाल लगाकर किया अपील चोपन व डाला पुलिस ने मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय बाड़ी में स्वतंत्र निष्पक्ष एवं निडर होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया आज रविवार को प्रभारी निरीक्षक चोपन के के सिंह व डाला चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ठाकुर ओबरा विधानसभा क्षेत्र के बाड़ी प्राथमिक विद्यालय स्थित मतदान केंद्र पर जन चौपाल लगाकर मतदाताओ को स्वतंत्र करने के लिए कहा भयमुक्त होकर किसी दबाव या प्रलोभन में आए निपट मतदान करें मतदान के दिन अधिक से अधिक संख्या में घरों से निकलकर अपने मत का प्रयोग करें अगर कोई व्यक्ति किसी को डराने धमकाने की बात करता है तो तुरंत पुलिस को सूचना दो सूचना देने वाले का आपकी बातों को गुप्त रखा जाएगा अपराधिक किस्म के लोगों को बख्शा नहीं जाएगा इस दौरान हेड कांस्टेबल महेंद्र यादव, कांस्टेबल पुनित सिंह, महिला कांस्टेबल निधि सिंह, समेत तमाम मतदाता महिला-पुरुष मौजूद रहे।

जाम में फंसे मंत्री और मरीज

ओबरा (सोनभद्र) । शनिवार को अपराह्न चोपन भरहरी मार्ग पर तीन घंटे तक जाम लगा रहा। जाम में एंबुलेंस सहित समाज कल्याण

राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड़ भी फंसे रहे। जाम के कारण सैकड़ों वाहन फंसे गए। इस दौरान चोपन जा रहे बुखार से पीड़ित अमन सिंह परिहार भी जाम में एक घंटे फंसे रहे। महलपुर के साथ सिदुरिया पुल पर जाम के दौरान राहगीरों और बालू लदे ट्रक चालकों के बीच कहासुनी के साथ हाथापाई भी हुई, जिसमें गाजीपुर के एक ट्रक के चालक की पिटाई के साथ उसका मुख्य शीशा भी फूट गया। उधर मंत्री संजीव कुमार गोंड़ चौरा विजौरा और बड़गवां से जनसंपर्क कर वापस चोपन की तरफ जा रहे थे। सिदुरिया पुल से पहले 20 से 25 मिनट तक जाम में फंसे रहे। फिर जिलाधिकारी को फोन कर सूचना दिए। एबुलेंस भी जाम में फंसी थी। मंत्री ने जाम खुलवाकर एंबुलेंस को जाम से बाहर निकलवाया।

सराफा व्यवसायी से एक करोड़ रंगदारी मांगने वाले दो गिरफ्तार

सोनभद्र । घोरावल के सराफा व्यवसायी से एक करोड़ रंगदारी मांगने वाले दो आरोपितों को शुक्रवार को पुलिस ने सुल्तानपुर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस घोरावल कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी। मामले का राजफाश करने के लिए एसपी अमरेंद्र प्रसाद

ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर दोनों को पकड़ा। शनिवार को राबर्ट्सगंज कोतवाली में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय विनोद कुमार ने मामले का राजफाश किया। एएसपी ने बताया कि घोरावल कोतवाली क्षेत्र के नगर निवासी सराफा व्यवसायी पननलाल गुप्ता से बीते छह फरवरी को अज्ञात लोगों ने फोन पर एक करोड़ रंगदारी मांगी। व्यवसायी पननलाल ने सात फरवरी को मामले की जानकारी तहरीर के माध्यम से सिंह ने एसओजी, स्वाट और घोरावल पुलिस की टीम गठित कर मामले के राजफाश का निर्देश दिया। टीम ने धमकी देने वाले का फोन लोकेशन पता किया तो पता चला कि लोकेशन टावर सारडीह थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ है। सर्विलांस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस टीम प्रतापगढ़ रवाना हुई। टीम जब चांदा से पट्टी जाने वाली सड़क पर ग्राम रामनगर में पुलिया परपहुंची तो दो व्यक्ति टीम को देखकर भागने का प्रयास किए, जिन्हें पकड़ लिया गया। गिरफ्तार आरोपित अंकित मिश्र पुत्र राधेश्याम मिश्र उर्फ श्यामू व आयुष मिश्र उर्फ सागर उर्फ गुड्डू पुत्र राधेश्याम मिश्र ग्राम रामनगर थाना चांदा जनपद सुल्तानपुर के हैं। उनके पास से पुलिस ने दो चोरी के फोन बरामद किए। एसपी ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को 25 हजार रुपये नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया।

कार्यदायी संस्था की लापरवाही के कारण तीन वर्ष से निर्माणाधीन है पशु आश्रय स्थल

हलिया (मीरजापुर) । ग्राम पंचायत हथेड़ा में जिला पंचायत की ओर से बेसहारा पशुओं के लिए बन रहे पशु आश्रय स्थल कार्यदायी संस्था की लापरवाही से आज तक पूरा नहीं हो सका है। पशु आश्रय स्थल का संचालन शुरू कराने के लिए ग्राम प्रधान और किसानों ने कई बार अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। किसानों ने बताया कि पशु आश्रय स्थल का निर्माण कार्य तीन वर्षो से हो रहा है। इसके बाद भी कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। पशु आश्रय का संचालन शुरू न होने से हथेड़ा, अहुगीकला, अदवा कालोनी सहित अन्य गांवों के किसानों को अपनी फसलों को पशुओं से बचाने के लिए रतजगा करना पड़ रहा है। बेसहारा पशुओं से तंग आकर किसान खेती नहीं कर रहे है। पशु आश्रय स्थल को पूर्ण कराने के लिए जिला पंचायत के अधिकारियों ने कई बार स्थल का निरीक्षण किया, इसके बाद भी कार्य पूरा नहीं हो सका है। किसान लक्ष्मी नारायण, जोगेंद्र कोल, रवींद्र प्रताप सिंह, शिवभोले सिंह, विवेक तिवारी, सुमित्रानंदन ओझा ने जिलाधिकारी से जल्द निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है।

चुनाव के रुझान नज़र आने लगे चेकिंग के दौरान लाखो रुपए हुएं बरामद

चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने 4,लाख 8हजार रूपए पकड़े

(आधुनिक समाचार सेवा)
चिन्ता पान्डेय

सोनभद्र। चुनाव के मद्देनजर डेली हो रहे वाहन चेकिंग आज उसी क्रम में चेकिंग के दौरान लाखों रूपए उपलब्ध हुआ चुनाव को प्रभावित न कर सकने के लिये जिला निर्वाचन अधिकारी ने कई जगह पर वाहन जाँच करा रहा है हजाार रुपये हुये बरामद कार से व्यापारी रुपये लेकर वाराणासी से मध्यप्रदेश जा रहा था व्यापारी तीन गाड़ी से वाराणासी से मध्यप्रदेश जा रहा था तीनो गाड़ी से कुल 4 लाख 8 हजार रुपये हुये बरामद रावर्टसगंज कोतवाली थाना क्षेत्र के लोढी टोल प्लाजा के पास का मामला

सड़क निर्माण कार्य मानक की अनदेखी, ग्रामीणों ने रोका कार्य

मझवा (मीरजापुर)। विकास खंड के ग्राम सभा सबेसर के पाठक के पुरा में सड़क निर्माण में मानक की अनदेखी का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने काम को रोकवा दिया। ग्रामीणों का कहना रहा कि छह महीने पूर्व विभाग ने खड़ंजे पर गिट्टी को डालकर छोड़ दिया था। जब कार्य को शुरू किया तो पर्याप्त मात्रा में बिना पानी डाले ही लेपन का कार्य शुरू कर दिया। इस संबंध में जेई पीडब्लूडी राजकुमार यादव ने बताया कि संबंधित ठेकेदार को पानी डालकर पुनः रोलर चलाने के बाद कार्य को शुरू करने के लिए आदेश दिया गया है।

शपथ पत्र के आधार पर वेतन भुगतान की मांग

रेणुकूट, सोनभद्र । राजकीय शिक्षक संघ (मूल संघ) के प्रांतीय कार्यकारी महामंत्री ने शिक्षा निदेशक को पत्र लिखकर नवनियुक्त शिक्षक शिक्षिकाओं को पूर्व की भांति शपथ पत्र के आधार पर वेतन जारी किए जाने की मांग की है। माध्यमिक शिक्षा के शिक्षा निदेशक को भेजे पत्र में राजकीय शिक्षक संघ के महामंत्री अशोक कुमार त्रिपाठी ने लिखा है कि प्रदेश के अधिकांश जनपदों में अभिलेख सत्यापन की मंद एवं शिथिल प्रक्रिया के कारण वेतन भुगतान में हो रहे विलंब को संज्ञान में लेते हुए शासन के निर्देशानुसार शपथ पत्र के आधार पर वेतन भुगतान की प्रक्रिया गतिमान है, परंतु कुछ जनपदों मै अभी भी संबंधित जिला विद्यालय निरीक्षकों एवं वित्त लेखा अधिकारी द्वारा शिक्षा निदेशक के आदेश की अवहेलना की जा रही है जिसके परिणामस्वरुप अगस्त 2021 में नवनियुक्त शिक्षकों में गहरा असंतोष तथा निराशा व्याप्त है और शासन प्रशासन की छवि भी धूमिल हो रही है। उन्होंने आदेश का तत्काल प्रभाव से पालन करते हुए अविलंब वेतन भुगतान की मांग की है।

युगपुरुष थे स्वामी दयानंद सरस्वती

बीजपुर (सोनभद्र) । डीएवी पब्लिक स्कूल रिहंद नगर में आर्य समाज के संस्थापक व समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती मनाई गई। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। हवन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्राचार्य राजकुमार ने कहा कि स्वामी दयानंद वेदों के ज्ञाता और समाज सुधारक ही नहीं बल्कि, महान देशभक्त भी थे। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने स्वामी दयानंद को भारत का निर्माता कहा था। वहीं सरदार बल्लभ भाई पटेल ने कहा था कि भारत की स्वतंत्रता की नींव स्वामी दयानंद ने ही डाली थी। स्वामी दयानंद के बताए रास्तों पर चलकर ही भारत को एक विकसित और सबल राष्ट्र बनाया जा सकता है। इस मौके पर बृजराज शर्मा, डा. आरके झा, विजय तिवारी, डा. राजेश कुमार श्रीवास्तव, डा डी लाल, नरेश जायसवाल, भक्त रंजन सौरभ कुमार, राजलक्ष्मी शेषन, समता सिंह, पुष्पा पांडेय, प्रेमलता सिंह, डीसी शुक्ला आदि मौजूद रहे।

छात्रों की आवाज से आज गूंजेंगे विद्या के मंदिर

सोनभद्र । कोविड की तीसरी लहर को देखते हुए बंद परिषदीय विद्यालय सोमवार से खुल जाएंगे। शिक्षा के मंदिर में एक बार फिर छात्रों की आवाज गूंजेंगी। बेसिक शिक्षा विभाग स्कूलों को खोलने की पूरी तैयारी कर ली है। स्कूलों में शिक्षण के दौरान कोविड गाइड लाइन का सख्ती से पालन कराया जाएगा। इसके अलावा छात्रों को मास्क पहनना अनिवार्य होगा। स्कूलों में साफ-सफाई, सैनिटाइजर व शारीरिक दूरी का भी कड़ाई से पालन किया जाएगा। पिछले डेढ़ माह से बंद चल रहे विद्यालयों के खुलने का इंतजार छात्र कर रहे थे। स्कूल खुलने को लेकर छात्र काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। नर्सरी से कक्षा आठ तक के छात्र अब नियमों का पालन करते हुए स्कूल में आकर शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। लगातार स्कूल बंद होने के कारण छात्रों की शैक्षिक गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है। इसको ध्यान में रखते हुए शिक्षकों ने कम समय में अधिक से अधिक शिक्षा देने के लिए रणनीति बनाई है। हालांकि स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को यह स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वह छात्रों को उचित दूरी पर बैठाएं। इसके अलावा किसी छात्र को सर्दी व बुखार के लक्षण दिखे तो उसे वापस घर भेज दें ताकि दूसरे छात्र उससे संक्रमित न हो। बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिवंश कुमार ने बताया कि सभी विद्यालयों को नियमों के तहत स्कूल खोलने का निर्देश दिया गया है। कहा कि छात्रों की सुरक्षा हम लोगों की पहली प्राथमिकता है। गौरतलब है कि शासन ने अब नर्सरी से लेकर आठवीं तक के स्कूलों को भी सोमवार से खोलने का फरमान जारी किया है।

60 क्विंटल धान बेचने के लिए अन्नदाता परेशान

मीरजापुर । विध्याचल मंडल के मीरजापुर, सोनभद्र, भदोही में 60 क्विटल धान बेचने के लिए अनन्दाता परेशान है। बावजूद इसके वेकंद्र प्रभारियों ने मंडल में 417000.08 एमटी धान खरीद डाला है। कई क्षेत्र तो ऐसे है जहां धान की पैदावार ही काफी कम होती है। वहीं क्रय केंद्रों पर मानकों की अनदेखी कर बोरों में 41 किग्रा धान भरवाया जा रहा है। जिससे किसानों का आर्थिक शोषण हो रहा है। मंडल में अधिक धान बेचने वाले किसान अब शासन की रडार पर आ गए है। विध्याचल मंडल के क्रय केंद्रों पर एक कांटे पर अधिकतम 200 क्विंटल धान खरीद करने की लिमिट निर्धारित की गई है। इस कारण 60 क्विंटल प्रति किसान से एक दिन में अब अधिकतम दो या तीन किसानों से ही धान खरीद हो सकेगी। किसान आज भी ट्रैक्टर पर धान लादकर अपना नंबर आने का इंतजार कर रहा है। वहीं क्रय केंद्र प्रभारियों द्वारा मनमाने तरीके से धान खरीद की गई है। वहीं एफसीआई सोनभद्र सहित केंद्र पर निर्धारित मात्रा से अधिक 41 किग्रा धान बोरा में भरा जाना तो आम बात है। मीरजापुर संभाग के नोडल अधिकारी धान खरीद आनंद कुमार सिंह ने शुक्रवार को मीरजापुर और सोनभद्र के नवीन मंडी स्थित धान क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिक धान बेचने वाले 50 पुराने और छह वर्तमान सहित 56 किसानों के सत्यापन का निर्देश दिया। विध्याचल मंडल में 4.17 हजार एमटी धान की हुई खरीदविभागीय आंकड़ों पर गौर करें तो 4.17 हजार एमटी की धान खरीद हो चुकी है। वर्तमान समय में विध्याचल मंडल में 4,68,300 एमटी धान खरीद का लक्ष्य शासन द्वारा निर्धारित किया गया है। किसानों से आसानी से धान खरीद के लिए डीएम द्वारा मंडल में 257 क्रय केंद्र बनाए गए हैं।

वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर सड़क हादसा पीकअप ने कार में मारी टक्कर

(आधुनिक समाचार सेवा)
विशाल मौर्य

जनपद सोनभद्र। के सुकृत पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम सभा लोहरा के पास लगातार दूसरे दिन भी उसी जगह हुआ सड़क हादसा।

घटना 13 फरवरी 2022 की सुबह लगभग 7 बजे के बाद की है जब एक पीकअप ने कार के पीछले हिस्से में टक्कर मार दी। आपको बताते चलें कि कार रावर्ट्सगंज की तरफ से सुकृत की तरफ जा रही थी जहां लोहरा गांव के पास हाइवे पर बने ब्रेकर के पास पीछे से आ रही पीकअप ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें कार का पीछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि इस दुर्घटना में सभी लोग सुरक्षित बच गए। स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना मिलने पर डायल 112 नंबर की मौके पर पहुंच गई।

लक्ष्य के सापेक्ष ८० फीसदी किशोरों को लगी कोरोना वैक्सीन

सोनभद्र । जिले में एक लाख 30 हजार किशोरों को कोरोना की वैक्सीन लगाने का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 80 प्रतिशत किशोरों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है। अब तक 2539537 लोगों को कोरोना की दोनों डोज दी जा चुकी है। जिले में 15 से 17 आयु वर्ग के किशोरों के वैक्सीनेशन को लेकर स्वास्थ्य विभाग काफी गंभीर है। किशोरों में वैक्सीनेशन कार्य भी तेजी से कराया जा रहा है। शनिवार को जिले में 866 किशोरों को पहली डोज दी गई। 2003 किशोरों को दूसरी डोज लगाई गई। इस तरह जिले में शनिवार तक कुल 109903 किशोरों को पहली डोज तथा 31180 को दूसरी डोज दी जा चुकी है। कुल एक लाख 30 हजार किशोरों को वैक्सीनेशन का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 80 प्रतिशत किशोरों का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। किशोरों के साथ ही अन्य वर्ग के लोगों में भी वैक्सीनेशन को लेकर तेजी देखी जा रही है। अब तक कुल 2539537 लोगों को कोरोना की दोनों डोज दी जा चुकी है।

मतदाता जागरुकता के लिए निकली रैली

ओबरा (सोनभद्र) । ओबरा पीजी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम एक दिवसीय शिविर के अंतर्गत शनिवार को मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को प्राचार्य डा. प्रमोद कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली महाविद्यालय के मुख्यद्वार से होते हुए आंबेडकर स्टेडियम से वीआइपी रोड होते हुए पुनः महाविद्यालय पहुंची। तत्पश्चात मतदाता जागरूकता पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा. अमूल्य कुमार सिंह ने किया। वक्ताओं ने मतदान करने अवश्य जाएं,घर पर बैठकर आराम न करें का संदेश दिया। वरिष्ठ प्राध्यापक डा. राधाकांत पांडेय ने शिविरार्थियों को सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। डा. संतोष कुमार सैनी ने मतदान के अधिकार के बारे में विस्तारपूर्वक बताया।डा. उपेंद्र कुमार ने लिए प्रेरित किया। डा. महीप कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। गोष्ठी में कार्यक्रम अधिकारी डा. विभा पांडेय, डा. किशोर कुमार सिंह, डा. विकास कुमार, प्रमोद कुमार केशरी आदि मौजूद रहे।

दिन में तेज धूप, शाम को बढ़ रही गलन

सोनभद्र । सोनांचल में सर्द हवाओं के कारण दिन में निकल रही धूप भी लोगों को गलन से राहत नहीं दिला पा रही है। सुबह और शाम तापमान गिरने से ठंड अब भी बरकरार है। सर्द हवाओं के कारण बढ़ रही ठंड से शाम होते ही लोग अपने अपने घरों में कैद हो जा रहे है। सोनांचल में तापमान में उतार चढ़ाव के बार भी गलन बरकरार है। दिन में तेज धूप निकलने के बाद भी लोगों को ठंड से राहत मिलती नजर नहीं आ रही है। मौसम विभाग के राजन सिंह के अनुसार शनिवार को न्यूनतम तापमान 8.00 डिग्री और अधिकतम तापमान 22.6 डिग्री दर्ज किया गया। शनिवार की सुबह सात बजे ही धूप निकल गई, लेकिन सर्द हवाएं भी चल रही थी। इससे सुबह के समय निकली धूप भी बेअसर साबित हो रही थी। दिन में तेज धूप निकली तो लोगों ने ठंड से राहत महसूस की, लेकिन बीच-बीच में चल रही सर्द हवाएं लोगों को ठंड का एहसास करती रही। वहीं शाम को सूरज ढलने के बाद सर्द हवाओं के कारण गलन बढ़ गई। अंधेरा होते ही लोग ठंड के कारण अपने आवश्यक कामकाज निबटाकर घरों की ओर रूख कर लिए। आठ बजे के बाद बाजारों में भी लोगों का आवागमन काफी कम हो गया। शनिवार की रात को भी राबर्ट्सगंज नगर में जगह-जगह चौराहों पर लोगों को अलाव का सहारा लेते देखा गया।

चार मामलों का राजफाश, नौ आरोपित चढ़े हत्थे

मीरजापुर । जनपद की पुलिस ने रविवार को एक साथ चोरी, शराब सहित चार घटनाओं का राजफाश करते हुए इनके नौ आरोपितों को विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी के सामान बरामद हुए। सभी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने विशेष अदालत में पेश किया। ये जानकारी अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजय कुमार वर्मा ने पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों से बातचीत में दी। कछवां बाजार स्थित एसबी मोबाइल शाप की छत को नौ फरवरी की रात तोड़कर अंदर घुसे चोर नकदी सहित लाखों के सामान ले उड़े थे। व्यासपुर की पोखरी के पास चार लोगों द्वारा चोरी के सामानों के बंटवारे की सूचना पर धमकी टीम ने आरोपित मुनअवर अली , बबलू बिद, राजू बिद निवासीगण मतकर साहपुर थाना मिर्जामुराद वाराणसी तथा अजय निवासी चकदवानपुर मिर्जामुराद वाराणसी को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 19 मोबाइल, दो लैपटाप, एक इनवर्टर व 1600 हजार रुपये बरामद हुए। मीरजापुर कचहरी चौकी इंचार्ज अनिल कुमार ने साथी पुलिस कर्मियों संग रविवार को एटीएम में चोगा मशीन लगाकर उपभोक्ताओं का रुपये निकालने वाले गैंग के एक सदस्य मान मोहम्मद निवासी सीरीपुर इमामगंज प्रयागराज को कचहरी रोड से मोहनलाल निवासी सरायसिददी सुरियावां भदोही फरार हो गया। ये आरोपित किसी भी एटीएम में एक चोगा मशीन लगाकर उपभोक्ताओं को झांसा देते थे। मीरजापुर देहात कोतवाल विपिन सिंह, स्वाट व आबकारी की टीम ने अवैध शराब की सप्लाई करने वाले तीन शराब माफियाओं को करनपुर पहाड़ी के पास से रविवार को गिरफ्तार कर लिया।

शासन की तीन सदस्यीय टीम पहुंची, घोरावल सीएचसी की जांच

घोरावल (सोनभद्र)। कायाकल्प योजना के तहत हुए कार्यों की जांच के लिए शासन की तीन सदस्यीय टीम ने शनिवार को घोरावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

पहुंची। टीम ने कायाकल्प योजना के तहत कराए गए कायी की बारीकी से जांच की। अस्पताल की व्यवस्था में कमियां पाए जाने पर टीम ने अधीक्षक को आवश्यक निर्देश दिए। घोरावल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को डा. आरसी सोलंकी, डा. क्षितिज पाठक और डॉक्टर कैफ अख्तर की तीन सदस्यीय टीम पहुंची। टीम ने मुख्य भवन में दवा कक्ष, इमरजेंसी वार्ड, फार्मासिस्ट कक्ष, पर्ची वितरण कक्ष आदि का निरीक्षण किया और अस्पताल के बाहर लगे हर्बल गार्डन का निरीक्षण किया। इसके बाद टीम ने जच्चा बच्चा वार्ड में पहुंचकर जांच की, जहां गर्भवती महिलाओं की जांच से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं, दवा वितरण कक्ष, ओपीडी, ऑपरेशन थिएटर आदि का निरीक्षण किया। अस्पताल के बाहर वाटर प्यूरीफायर सिस्टम खराब होने एवं अस्पताल में फ़ायर ब्रिगेड सिस्टम खराब होने पर टीम ने अधीक्षक को निर्देश दिया कि इसे जल्द से जल्द ठीक कराया जाए। वही एक्सरे मशीन को भी सही कराने का निर्देश दिया। टीम ने बताया की सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर सुविधाओं के लिए केंद्र सरकार ने कायाकल्प योजना शुरू की है। निरीक्षण के बाद टीम यहां की रिपोर्ट संबंधित अधिकारियों को भेजेगी। कायाकल्प योजना में प्रथम स्थान पाने वाले सीएचसी को 15 लाख व द्वितीय स्थान पाने वाले सीएचसी को 10 लाख व सांत्वना के तौर पर एक लाख रुपये सीएचसी को दिया जाएगा। इस मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. रिपुंजय श्रीवास्तव, अधीक्षक डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. देवेश पांडेय, डॉ. अंकित सिंह, डॉ. संग्राम सिंह, डॉ मुनन प्रसाद, प्रशांत दुबे आदि मौजूद रहे।

बीपीएल परिवार की आय को तहसील ने 46 हजार रुपये का प्रमाण पत्र किया जारी

कलवारी (मीरजापुर) । मड़िहान तहसील के कलवारी माफी के पुरवा अमदहा गांव निवासी मनोहर की पुत्री निर्मला का आय प्रमाण पत्र 46 हजार रुपये का जारी कर दिया गया है। मनोहर की पुत्री निर्मला का लखनऊ के एक निजी अस्पताल में कैंसर का इलाज चल रहा है। सरकारी सुविधाएं मिल जाए और बालिका की जान बच जाए इसके लिए पीड़ित बालिका की मां चंपा देवी ने आय प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदन किया गया था। परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहा है और अंत्योदय कार्ड धारक है। बावजूद लेखपाल ने बालिका निर्मला की वार्षिक आय 46 हजार दर्शाया है। लेखपाल की रिपोर्ट के आधार पर बने आय प्रमाण पत्र से कैंसर पीड़ित बालिका का उपचार सरकारी अस्पताल में हो पाना असंभव है। कैंसर पीड़ितों के इलाज के लिए हर तरफ से हाथ उठते है। लेखपाल भरतराम मौर्या ने बताया कि इससे कम का वार्षिक आय तहसील प्रशासन नहीं जारी कर सकता है।

ईशान किशन आइपीएल इतिहास के सबसे महंगे भारतीय विकेटकीपर बने 15.25 करोड़ में बिके

नई दिल्ली। भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन पर मुंबई इंडियंस ने जमकर बोली लगाई और आखिरकार इस सीजन में उन्हें 15.25 करोड़ रुपये देकर खरीद लिया। मुंबई को हैदराबाद की तरफ से कड़ी टक्कर मिली, लेकिन आखिरकार सफलता मुंबई को ही मिली। ईशान किशन आइपीएल इतिहास में सबसे महंगे बिकने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बन गए। इससे पहले भी ईशान किशन इसी टीम का हिस्सा थे, लेकिन मुंबई की टीम ने उन्हें रिटेन नहीं किया था। यही नहीं इस नीलामी में वो अब तक बिकने वाले सबसे महंगे खिलाड़ी भी रहे। इससे पहले श्रेयस अय्यर को 12.25 करोड़ में केकेआर ने खरीदा था। उनका बेस प्राइस दो करोड़ रुपये थे। ईशान किशन को साल 2016 में गुजरात लायंस ने 35 लाख रुपये में खरीदा था तो वहीं साल 2018 में मुंबई इंडियंस ने ही 6.2 करोड़ रुपये में खरीदा था। अब एक बार फिर से मुंबई ने उन पर सबसे ज्यादा बोली लगाते हुए 15.25 करोड़ रुपये में खरीद लिया। ईशान ना सिर्फ शानदार विकेटकीपर हैं बल्कि ओपनर बल्लेबाज भी हैं जो काफी तेज गति से रन बनाने के लिए जाने जाते हैं। ईशान किशन ने आइपीएल में अब तक कुल 61 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 1452 रन बनाए हैं तो वहीं 19 कैच और दो स्टंप भी किए हैं। आइपीएल में उनका अब तक का बेस्ट स्कोर 99 रन रहा है। अंबाती रायुडू की बात करें तो उन्हें एक बार फिर से सीएसके ने खरीद लिया। इससे पहले भी वो इसी टीम का हिस्सा थे। अंबाती का बेस प्राइस भी 2 करोड़ रुपये थे और इस बार सीएसके ने उन्हें 6.75 करोड़ रुपये में खरीदा। वहीं जानी बेयरस्टो को 6.75 करोड़ में पंजाब किंग्स ने अपने साथ शामिल किया। आस्ट्रेलियाई विकेटकीपर-बल्लेबाज मैथ्यवेड को खरीदने में पहले राउंड में किसी भी टीम ने दिलचस्पी नहीं दिखाई।

मिस्टर आइपीएल सुरेश रैना पहले राउंड में रहे अनसोल्ड, सीएसके ने भी नहीं दिखाई दिलचस्पी

नई दिल्ली मिस्टर आइपीएल के नाम से मशहूर सीएसके के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना को आइपीएल 2022 की मेगा नीलामी के पहले राउंड में किसी ने नहीं खरीदा। सुरेश रैना ने अपना बेस प्राइस दो करोड़ रुपये रखा थे और उम्मीद की जा रही थी कि कम से कम सीएसके तो उन्हें खरीदने में दिलचस्पी दिखाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके अलावा लखनऊ की टीम ने भी उन्हें खरीदने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। रैना का अनसोल्ड रहना काफी निराश करने वाला रहा। सुरेश रैना का आइपीएल करियर काफी शानदार रहा है, लेकिन आइपीएल 2021 में उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। पिछले सीजन में उन्होंने 12 मैचों में 160 रन बनाए थे और उन्हें फाइनल में भी खेलने का मौका नहीं दिया गया था। रैना के पूरे आइपीएल करियर की बात करें तो 205 मैचों में 32.51 की औसत से कुल 5528 रन बनाए हैं और एक शतक उनके नाम पर दर्ज है। उनका आइपीएल में बेस्ट स्कोर नाबाद 100 रन रहा है तो वहीं उन्होंने कुल 39 अर्धशतक लगाए हैं। इस टूर्नामेंट में उन्होंने अब तक 506 छक्के और 203 चौके लगाए हैं। इसके अलावा उन्होंने 108 कैच भी पकड़े हैं। रैना पिछले कई साल से सीएसके के हिस्सा थे, लेकिन आइपीएल 2021 सीजन के बाद इस टीम ने उन्हें रीलिज कर दिया था। वहीं रैना का अलावा अब तक स्टीव स्मिथ भी पहले राउंड में सोल्ड नहीं हो पाए। स्मिथ का भी बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये था। इसके अलावा साउथ अफ्रीका के भी बल्लेबाज डेविड मिलर भी अनसोल्ड रहे जिनका बेस प्राइस एक करोड़ रुपये था।

IPL नीलामी के दौरान अचानक मचा हंगामा, स्टेज से बेहोश होकर नीचे गिरे आक्शनर, जानिए क्या हुआ था

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन के लिए बैंगोलर में मेगा आक्शन का आयोजन किया जा रहा है। नीलामी में पहले दिन 12 फरवरी को खिलाडियों की नीलामी चल रही थी तभी अचानक से एक हादसा हुआ। नीलामी को कराने वाले अचानक से बेहोश होकर स्टेज पर गिर पड़े। उनके यूं एकदम से बेहोश होकर अचेत होने के बाद तुरंत ही नीलामी को रोक दिया गया। कमेंट्रेटर चारु शर्मा को आगे की नीलामी को चलाने के लिए चुना गया। आइपीएल के मेगा आक्शन को सुचारू रूप से चलाने वाले ह्यूज के अचानक बेहोश होकर गिरने के बाद उनको तुरंत ही मेडिकल स्टाफ की मदद से अस्पताल ले जाया गया। नीलामी को रोक कर लंच की घोषणा कर दी गई। वक्त से पहले लंच को घोषित किया गया जिससे ही ह्यूज के सेहद की चिंता कर रहे सभी फ्रेंचाइजी मालिक संभल सकें। जानकारी के मुताबिक ह्यूज ठीक है और उनको चिकित्सा सहायता दी जा रही है। मेडिकल टीम की तरफ से के बेहोश होकर स्टेज पर गिरने की वजह की जानकारी दी गई है। बताया गया है कि एक ही स्थिति में लगातार एक जगह पर खड़े रहने की वजह से उनको यह परेशानी हुई। एक स्थान पर एक ही शारीरिक मुद्रा में खड़े रहने के बाद अचानक स्थान बदलने पर रक्त संचार में बदलाव आता है और यह ब्लड प्रेसर में अचानक गिरावट का कारण बनता है। श्रीलंका के स्पिनर वनिंदु हसारंगा को नीलामी जारी थी और फ्रेंचाइज टीम उनकी बोली को 10 करोड़ के पार ले जा चुकी थी। अचानक से नीलामी करा रहे ह्यूज बेहोश हो कर स्टेज पर गिर पड़े और सभी हैरान चिंतित नजर आए। आयोजनकर्ताओं ने मेडिकल इमरजेंसी में नीलामी को रोकने का फैसला लिया। दोबारा से नीलामी को 3.30 बजे शुरु किया ।

श्रेयस अय्यर को 12.25 करोड़ में केकेआर ने खरीदा गुजरात में गए मो. शमी

नई दिल्ली। भारतीय मध्यक्रम के बल्लेबाज व आइपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान रह चुके श्रेयस अय्यर को खरीदने के लिए फ्रेंचाइजियों के बीच जबरदस्त होड़ देखने को मिला। ऐसा लग रहा था जैसे हर टीम उन्हें अपने साथ जोड़ने को बेताब था। श्रेयस ना सिर्फ एक जाबारदस्त बल्लेबाज हैं बल्कि एक अच्छे कप्तान भी हैं और ये बात वो आइपीएल में साबित भी कर चुके हैं। इस बार की मेगा नीलामी में कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपने हर प्रतिद्वंदी को पीछे छोड़ते हुए श्रेयस अय्यर को 12 करोड़ 25 लाख में खरीदकर अपने साथ जोड़ लिया। श्रेयस के आने से ऐसी उम्मीद की जा रही है कि वो शायद केकेआर की कप्तानी भी करेंगे। श्रेयस अय्यर का बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये थे और वो 10 मार्की खिलाडियों में शामिल किए गए थे। श्रेयस अय्यर 10 मार्की खिलाडियों में सबसे महंगे बिकने वाले खिलाड़ी रहे। भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मो. शमी का बेस प्राइस भी दो करोड़ रुपये थे और वो भी मार्की खिलाडियों की लिस्ट में शामिल किए गए थे। शमी पर बोली तो खूब लगी, लेकिन इसमें वो तेजी नजर नहीं आई, लेकिन फिर भी उन्हें अच्छा दाम मिल गया। आइपीएल की नई टीम गुजरात ने उन्हें 6 करोड़ 25 लाख में खरीदने में सफलता हासिल की।

ब्रावो फिर बने सीएसके का हिस्सा तो होल्डर ने लखनऊ में मारी एंट्री, हर्षल पटेल को आरसीबी ने खरीदा

नई दिल्ली। आइपीएल 2022 की मेगा नीलामी में एक बार फिर से चेनन्ई सुपर किंग्स ने अपने पुराने आलराउंडर ड्वेन ब्रावो पर भरोसा दिखाया और उन्हें अपनी टीम में शामिल किया। इस सीजन में ब्रावो फिर से सीएसके के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। ब्रावो का बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये था और उन्हें सीएसके टीम ने 4.40 करोड़ रुपये में खरीद लिया। ब्रावो का नाम नीलामी में सामने आते ही सबसे पहले सीएसके ने ही उनके लिए बोली लगाई थी। हालांकि उन्हें लेने के लिए हैदराबाद और फिर दिल्ली ने भी दिलचस्पी दिखाई थी, लेकिन सीएसके ने बाजी मार ली। पिछले आइपीएल यानी 2021 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज हर्षल पटेल की घर वापसी हुई और एक बार फिर से वो आरसीबी की जर्सी में नजर आने वाले हैं। हाल ही में भारतीय टीम में एंट्री मारने वाले हर्षल पटेल का बेस प्राइस दो करोड़ रुपये थे और उन्हें आरसीबी ने 10.75 करोड़ रुपये में खरीदा। हर्षल पटेल के लिए आरसीबी ने बोली की शुरूआत की और सनराइजर्स हैदराबाद ने भी बोली लगाई। हर्षल पटेल को खरीदने के लिए आरसीबी और सनराइजर्स के बीच जोरदार जंग देखने को मिली और इसी वजह से उनकी रकम और ज्यादा होती चली गई। हालांकि ऐसा लग रहा था कि आरसीबी हर्षल को खरीदकर ही दम लेगी और ऐसा ही हुआ। वेस्टइंडीज के शानदार आलराउंडर जेसन होल्डर के बारे में माना जा रहा था कि उन पर जमकर बोली लगने वाली है और ऐसा हुआ भी। होल्डर ना सिर्फ आलराउंडर हैं बल्कि एक अच्छे कप्तान भी हैं। होल्डर का बेस प्राइस इस बार एक करोड़ 50 लाख रुपये था और उन्हें ने 8.75 करोड़ रुपये में खरीद लिया। वहीं देवदत पडीक्कल की बात करें तो उन्हें 7.75 करोड़ में राजस्थान रायल्स ने अपने साथ शामिल किया। शिमरोन हेटमायर को अच्छे दाम मिले और इस मध्यक्रम के बल्लेबाज को 8.50 करोड़ में राजस्थान रायल्स ने खरीद लिया।

अपने देश में बढ़ रहे कोविड 19 मामलों की वजह से नीदरलैंड्स की महिला हाकी टीम प्रो-लीग मैचों से हटी

एम्सटर्डम। नीदरलैंड्स महिला हाकी टीम ने अपने देश में कोविड 19 के मामलों के बढ़ने के कारण भारत के खिलाफ भुवनेश्वर में 19 और 20 फरवरी को होने वाले एफआइएच प्रो लीग मैचों से हटने का फैसला किया। नीदरलैंड्स में इस वायरस का ओमिक्रोन वैरिएंट का संक्रमण तेजी से फैल रहा है। रायल डच हाकी संघ (केएनएचबी) ने कहा कि उसने एफआइएच से मैचों को बाद की तारीख में स्थगित करने का अनुरोध किया है। हाकी इंडिया ने हालांकि गुरुवार को नीदरलैंड्स की टीम के इस फैसले पर आश्चर्य व्यक्त किया। नीदरलैंड्स के हाकी संघ ने कहा 'केएनएचबी की चिकित्सा समिति ने जनवरी में अंतर महाद्वीपीय यात्रा से बचने की सलाह दी है। खिलाड़ियों के साथ आपसी विचार विमर्श और परामर्श के बाद नीदरलैंड्स हाकी के अधिकारियों ने घोषणा की कि वे इस सलाह का पालन करना चाहते हैं और इस समय भारत की यात्रा नहीं करना चाहते हैं।

राशिफल

मेष-: आज आपका रुझान अध्यात्म की ओर रहेगा। आप किसी धार्मिक कार्यक्रम के आयोजन की योजना बना सकते हैं।

वृष-: जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर उचित ध्यान और देखभाल की आवश्यकता है। आपकी अवास्तविक योजनाएं आपके पैसे को खत्म कर सकती हैं।

मिथुन-: आज अपने मन की शांति भंग न होने दें। अपने पार्टनर और दोस्तों के साथ कुछ समय बिताएं। आज आप अकेलापन महसूस कर सकते हैं

कर्क-: आज का दिन परिवार के साथ किसी फंक्शन में बीतेगा। घर में रिश्तेदार आते-जाते रहेंगे। आप राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

सिंह-: आपको अपना अतिरिक्त समय अपने शौक को पूरा करने या उन चीजों को करने में लगाना चाहिए जिन्हें करने में आपको सबसे ज्यादा मजा आता है।

कन्या-: आज आपको कड़ी मेहनत से नौकरी और व्यवसाय के कामों में सफलता मिलेगी। आज कार्यक्षेत्र में प्रतिकूल स्थिति रहेगी।

तुला-: आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज बाहर मौसम अच्छा रहने के कारण आपका सारा समय बाहर ही व्यतीत होगा।

वृश्चिक-: पेट के रोगों के मरीजों को तले और वसायुक्त भोजन से दूर रहने की जरूरत है। इससे उनकी परेशानी बढ़ सकती है। आर्थिक मामलों में अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है।

धनु-: आज कोई कीमती सामान खोने का डर है। इसलिए अपना जरूरी सामान अपने पास रखें। छिपे हुए शत्रु आपके बारे में अफवाहें फैलाने के लिए अधीर होंगे।

मकर-: आज का दिन अच्छा रहेगा। आज ऑफिस में बॉस से किसी बात को लेकर डांट पड़ सकती है। ज्यादा गुस्सा करने से आपका काम बिगड़ सकता है।

कुंभ-: आपका मजबूत आत्मविश्वास और आज का आसान काम मिलकर आपको आराम करने का भरपूर समय देगा। मनोरंजन और सुंदरता बढ़ाने में ज्यादा समय न लगाएं।

मीन-: कार्यक्षेत्र में आज अचानक विवाद हो सकता है। भावुक होने से बचें। घर खरीदने या बनाने के मामले में अपने पार्टनर की राय को नजरआज आप जीवनसाथी के साथ भविष्य की योजनाएँ बनाएंगे।

सभी 10 मार्की खिलाड़ी बिके, ये भारतीय अकेले ले उड़ा 12.25 करोड़

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 15वें सीजन के लिए हो रहे मेगा आक्शन में बैंगलोर में सभी 10 टीमें अपने फेवरेट खिलाडियों को अपने साथ जोड़ने पहुंची। पहले दिन की नीलामी में सबसे पहले मार्की सेट की बोली लगी। इस सेट में कुल 10 सीनियर और पापुलर खिलाडियों को जगह दी गई थी। इसमें चार भारतीय और 6 विदेशी खिलाडियों को रखा गया था। नीलामी में शामिल पहले सेट में बाजी भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने मारी जो सबसे महंगे बिकने वाले मार्की खिलाड़ी बने। शनिवार 12 फरवरी को मेगा आक्शन के पहले दिन सबसे पहले मार्की सेट पर सबकी नजर थी। मार्की खिलाडियों की लिस्ट में चार भारतीय और 6 विदेशी खिलाड़ी थे। श्रेयस अय्यर, शिखर धवन, मोहम्मद शमी, रविचंद्रन अश्विन, पैट कमिंस, कैगिसो रबाडा, ट्रेंट बोल्ट, क्विंटन डिकाक, फाफ डुप्लेसिस, डेविड वार्नर जैसे अनुभवी खिलाडियों के नाम शामिल थे। इन सभी खिलाडियों की बेस प्राइस 2 करोड़ है। मार्की लिस्ट में सबसे ज्यादा उंची बोली श्रेयस अय्यर की लगी। श्रेयस अय्यर को 12.25 करोड़ की बोली लगाकर कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम ने अपने साथ जोड़ा। उनकी पिछली टीम दिल्ली कैपिटल्स ने भी उनकी बोली लगाई थी। कगिसो रबादा सबसे महंगे विदेशी मार्की खिलाड़ी रहे। उनको पंजाब की टीम ने 9.25 करोड़ देकर अपने साथ जोड़ा। शिखर धवन को पंजाब की टीम ने 8.25 करोड़ देकर खरीदा।

परदीप की सुपर रेड की हैट्रिक, यूपी ने जयपुर को हराकर चौथा स्थान हासिल किया

बेंगलुरु। रिकॉर्ड ब्रेकर परदीप नरवाल चल निकले हैं। प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आठवें सीजन के 109वें मैच में परदीप ने जयपुर पिंक पैंथर्स के खिलाफ तीन सुपर रेड किए और अपने करियर के 65वें सुपर-10 के साथ यूपी योद्धा को 41-34 से जीत दिलाई। इस जीत के साथ यूपी की टीम अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई है। परदीप ने इस मैच में कुल 14 अंक हासिल किए। उनकी टीम की ओर से सुरेंदर गिल ने भी नौ अंक लिए तथा आशू सिंह को डिफेंस में 6 अंक मिले। यूपी की यह 19 मैचों में आठवीं जीत है। दूसरी ओर, जयपुर को अर्जुन देसवाल (14) के एक और चमकदार प्रदर्शन के बावजूद 18 मैचों में आठवीं हार मिली। इस मैच में जयपुर का डिफेंस यूपी से बेहतर खेला लेकिन रेडिंग में यूपी ने बाजी मार ली। जयपुर ने पांचवें मिनट में ही यूपी को आलआउट की कगार पर धकेल दिया लेकिन आशू ने तीन मौकों पर इसे टाल दिया। एक समय यूपी की टीम 1-6 से पीछे थी लेकिन अर्जुन देसवाल को सुपर टैकल कर यूपी ने 7-7 से बराबरी कर ली। इसी स्कोर पर सुरेंदर गिल डू ओर डाई रेड पर आए लेकिन साहुल ने उन्हें लपक लिया। यूपी एक बार फिर आलआउट की कगार पर थी और इस बार जयपुर ने 12वें मिनट में इसे अंजाम देते हुए 12-8 की लीड ले ली। आलइन के बाद देसवाल ने अपने करियर का 300वां रेड अंक पूरा किया। आलइन के बाद दोनों टीमों को लगातार अंक मिल रहे थे। गिल के दो अंकों की रेड के साथ यूपी ने स्कोर 12-15 कर दिया था। दोनों टीमों के रेडर लगातार अंक ले रहे थे लेकिन जयपुर के पांच अंकों फासला कम नहीं हो रहा था। यूपी ने हालांकि पहले हाफ के अंतिम मिनटों में जोरदार वापसी करते हुए न सिर्फ लीड का फासला 1 का कर दिया बल्कि जयपुर को सुपर टैकल की स्थिति में भी डाल दिया। हाफ टाइम तक स्कोर 19-18 से जयपुर के पक्ष में था। हाफ टाइम के बाद पहली ही रेड पर परदीप नरवाल ने सुपर रेड के साथ जयपुर को समेट यूपी को 22 मिनट के बाद पहली बार 23-19 की लीड दिला दी। देसवाल ने इसके बाद अपने करियर का 15वां और इस सीजन का 12वां सुपर-10 पूरा किया। देसवाल हालांकि अपनी टीम के डू ओर डाई रेड पर लपके गए। यूपी की टीम 27-23 से आगे थी। अहम मुकाम पर जयपुर डिफेंस ने गिल को आउट कर दीपक को रिवाइव कराया। फिर इसी डिफेंस ने परदीप का शिकार कर देसवाल को रिवाइव कराया। अब दीपक डू ओर डाई रेड पर गए लेकिन लपके गए। जयपुर ने वापसी करते हुए एक समय यूपी की लीड को सिर्फ एक का कर दिया। इसके बाद हालांकि गिल ने संदीप ढुल को बाहर परदीप को रिवाइव कराया। परदीप ने आते ही सुपर रेड किया और इस सीजन का छठा और करियर का 65वां सुपर-10 पूरा किया। यूपी की लीड 33-28 की हो गई थी। जयपुर के लिए सुपर टैकल आन था। इस बार परदीप का शिकार हो गया। पांच मिनट बचे थे और स्कोर अब 31-33 हो गया था। जयपुर के लिए सुपर टैकल आन था। 33-32 के स्कोर पर गिल डू ओर डाई रेड पर गए। वह लपके गए और स्कोर बराबरी पर आ गया। फिर देसवाल डू ओर डाई रेड पर गए। नितेश उन्हें डैश कर दिया। दोनों टीमें अब डू ओर डाई पर खेल रही थीं। परदीप गए और अंक लेकर यूपी को 35-33 से आगे कर दिया। हालांकि सुमित ने दीपक के खिलाफ अंक दे दिया। अब 1 मिनट से भी कम समय था और यूपी को 1 की लीड मिली हुई थी। नितेश ने हालांकि दीपक को आउट कर लीड 2 कर दी। मैच की अंतिम रेड परदीप गए और तीसरी सुपर रेड के साथ जयपुर को आलआउट कर अपनी टीम को 41-34 से जीत दिला दी।

सम्पादकीय

उत्पादक, उपभोक्ता और अर्थव्यवस्था को लाभ पहुंचाती रेलवे की किफायती माल ढुलाई क्रांति

हालिया आम बजट में तमाम खास घोषणाएं हुई, जिनका व्यापक विश्लेषण भी हुआ है। फिर भी कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर उतनी चर्चा नहीं हुई, जितनी होनी चाहिए थी। जैसे मोदी सरकार ने अगले तीन वर्षों के दौरान देश में सौ गति-शक्ति कागी टर्मिनल विकसित करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। इसके माध्यम से एक स्टेशन-एक उत्पाद की संकल्पना को सिरे चढ़ाने की सरकारी योजना यदि आदर्श रूप में फलीभूत हुई तो यह बाजी पलटने वाली साबित हो सकती है। मोदी सरकार ने रेल ढुलाई क्षमताओं से जुड़ी संभावनाओं को बखूबी भुनाकर न केवल भारतीय रेलवे को मुनाफे की पटरी पर आगे बढ़ाया है, बल्कि इससे आपूर्ति की दुश्वारियां दूर होकर समग्र अर्थव्यवस्था को भी लाभ मिला है। सरकार अब इस मुहिम को और रफ्तार देना चाहती है। यह किसी से छिपा नहीं कि कृषि उपज को देसी-विदेशी बाजारों तक पहुंचाने में व्यवस्थित नेटवर्क का अभाव भारतीय खेती की बदहाली की बड़ी वजह है। रही-सही कसर सड़क मार्ग की महंगी ढुलाई ने पूरी कर दी। वृद्धि की राह में इसी अवरोध को भांपते हुए सरकार ने कृषि उपजों की बिक्री के व्यवस्थित नेटवर्क बनाने के साथ-साथ ढुलाई लागत कम करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। इसमें पहला काम है रेलवे से माल ढुलाई को बढ़ावा देना। भारत में लाजिस्टिक लागत सकल घरेलू उत्पाद के 13 से 15 प्रतिशत के दायरे में है, जबकि इसका वैश्विक औसत आठ प्रतिशत है। एक किमी लंबाई की मालगाड़ी औसतन 72 ट्रकों जितना माल ढोती है। इससे न केवल ढुलाई लागत कम होगी, बल्कि व्यस्त राजमार्गों पर ट्रकों की भीड़ कम होने से माल समय से पहुंचेगा। सड़कें भी सुरक्षित बनेंगी। दुनिया भर में रेलवे से माल ढुलाई सड़क मार्ग की तुलना में सस्ती, पर्यावरण अनुकूल और शीघ्र डिलीवरी वाली होती है। वहीं भारत में रेल ढुलाई न केवल धीमी, बल्कि अनिश्चित भी है। यही कारण है कि आजादी के बाद से ही माल ढुलाई में रेलवे की हिस्सेदारी घटती जा रही है। अधिकांश माल ढुलाई सड़क मार्ग से होने से उसकी लागत बढ़ती है, जिसका बोझ अंतः उपभोक्ताओं पर पड़ता है। उत्पाद के दाम बढ़ने के चलते बिक्री प्रभावित होने से व्यापारियों को भी घाटा उठाना पड़ता है। बतौर उदाहरण सेब का उत्पादन देश के उत्तरी राज्यों में होता है, लेकिन पश्चिमी और दक्षिणी राज्यों तक उस सेब को पहुंचाना महंगा पड़ता है। जबकि उन राज्यों में विदेशी सेब सस्ता पड़ता है। ऐसी स्थिति तमाम अन्य उत्पादों के साथ है। मोदी सरकार में रेलवे की योजना माल ढुलाई में अपनी हिस्सेदारी 28 प्रतिशत के मौजूदा स्तर से बढ़ाकर 44 प्रतिशत करने की है। नेशनल रेल प्लान के अनुसार माल ढुलाई में रेलवे की हिस्सेदारी 2026 तक 33 प्रतिशत, 2031 तक 39 प्रतिशत, 2041 तक 43 प्रतिशत और 2051 तक 44 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए रेलवे विभाग लीक से हटकर प्रयास कर रहा है। अब तक मालगाड़ियों को बीच रास्ते में रोककर यात्री गाड़ियां पास कराई जाती थी, लेकिन अब मालगाड़ियां समय से चल रही हैं। पहले मालगाड़ियों की औसत रफ्तार 22 किमी प्रति घंटा थी, वहीं अब 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से मालगाड़ियां दौड़ रही हैं। सड़कों पर बढ़ती भीड़, महंगे डीजल और लेटलतीफी जैसे कारणों से दिग्गज कंपनियां रेलवे से ढुलाई को प्राथमिकता देने लगी हैं, जो रेलवे के लिए शुभ संकेत हैं। 2014 से 2020 तक मारुति सुजुकी ने 6,70,000 कारों की ढुलाई रेलवे के माध्यम से की। इससे न केवल 10 करोड़ लीटर डीजल की बचत हुई, बल्कि वायुमंडल में 3000 टन कार्बन डाईआक्साइड का उत्सर्जन भी नहीं हुआ। इसी तरह टाटा मोटर्स, ह्युंडई और होंडा जैसी कंपनियां भी अपनी गाड़ियां रेलवे के जरिये भेज रही हैं। 2014 में जहां 429 रैक कारों की ढुलाई में लगे थे, वहीं 2020 में यह संख्या बढ़कर 1,595 हो गई। डेडिकेटेड फ्रेट कारिडोर (डीएफसी) बनने से मौजूदा रेलवे ट्रैकों पर दबाव कम होगा और व्यस्त मार्गों में माल ढुलाई में तेजी आएगी। मेक इन इंडिया पहल के तहत अब शक्तिशाली लोको देश में ही बनने लगे हैं, जो 6000 टन की मालगाड़ी को 75 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से खींच सकते हैं। पूर्वी डेडिकेटेड फ्रेट कारिडोर के 351 किमी लंबे भाऊपुर-खुर्जा के बीच शुरू होने से मालगाड़ियों की रफ्तार 25 किमी प्रति घंटे से बढ़कर 60 किमी प्रतिघंटा हो गई है। इससे अलीगढ़, खुर्जा, फिरोजाबाद और आगरा की कृषि उपज आसानी से देश के प्रमुख बाजारों तक पहुंच रही है। इतना ही नहीं यह सेक्शन 2022 से 2052 के बीच 42 लाख टन कार्बन उत्सर्जन घटाएगा।

राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष इनके हौंसलों से हर किसी को मिलेगी प्रेरणा

आज की महिलाएं बन रहीं सशक्त व आत्मनिर्भरः डॉ सुषमा श्रीवास्तव शिक्षा व साहस हर महिला के उत्थान का मुख्य आधार : ड ईशान्या राज हर महिला की सफलता के पीछे एक पुरुष का साथ : डॉनीलम सिंह

प्रयागराज - देश की पहली महिला राज्यपाल व 'नाइटेंगल ऑफ इंडिया' और 'भारत कोकिला' कही जाने वाली स्वतंत्रता सेनानी व कवयित्री सरोजिनी नायडू की जयंती 13 फरवरी को राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस पर जनपद की तीन ऐसी कोरोना योद्धाओं के जज्बे को सालाम जिन्होने फ्रंट लाइन पर रहकर कोरोना संक्रमितों की सेवा में तत्पर रहीं। नैदानिक मनोवैज्ञानिक **डॉ ईशान्या राज, एनेस्थैटिक डॉ नीलम सिंह** व सेवानिवृत्त सीएमएस **डॉ0 सुषमा श्रीवास्तव** की जिनके अनुभव व हौसले से जनपद की हर महिला को प्रेरणा मिलेगी। नैदानिक मनोवैज्ञानिक डॉ ईशान्या राज मण्डलीय चिकित्सालय कात्विन में कार्यरत डॉ. ईशान्या राज मनोविज्ञान के क्षेत्र से विगत 10 वर्षो से जुड़ी हैं। इन्होंने मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई नए कार्यक्रम शुरू किए जो कि प्रदेश स्तर तक लागू हुए जैसे जिला अस्पताल में मोबाइल डीएडिक्शन सेंटर, स्क्रीन डिपेंडेंसी ट्रीटमेंट सेंटर, सुसाइड प्रीवेंशन सेल आदि। कोरोनाकाल में कोविड वार्ड में इन्होंने 1000 से ज्यादा पोस्ट कोविड के लक्षणों से जूझ रहे लोगों की मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग कर उन्हें मनोवैज्ञानिक रूप से मजबूत किया। इन्होने वर्ष 2021 में कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। कई उपलब्धियां इनके नाम रही हैं जैसे कि इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स एंड सोशल जस्टिस फेडरेशन द्वारा इन्हें इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवार्ड 2021 व युवा दिवस के उपलक्ष्य में उन्हें इंटरनेशनल काउंसिल फॉर एजुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग द्वारा इंडियन यूथ आईकॉन अवॉर्ड 2021 से नवाजा जा चुका हैघ् राष्ट्रीय महिला दिवस पर इन्होने कहा कि 'जब हम औरतें आज़ादी की बात करते हैं तो उससे हमारा मतलब सिर्फ खुद के लिए सोचने के लिए आजादी से होता है। हमें फैसले करने की आज़ादी, विचारों की आज़ादी, अच्छा बुरा तय करने की आज़ादी, इंकार करने की आज़ादी चाहिए। इसके लिए हम किसी भी स्थिति परिस्थिति में हों हमें शिक्षित होना पड़ेगा। शिक्षा व साहस हर महिला के उत्थान का मजबूत आधार है। **एनेस्थैटिक डॉ नीलम सिंह,** जनपद के स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में कार्यरत एनेस्थैटिक डॉ नीलम सिंह (कोविड आईसीयू इंचार्ज, प्रोफेसर) ने कोरोनाकाल में 4 हज़ार से ऊपर कोरोना पॉज़िटिव मरीजों का इलाज किया। करीब 160 कोरोना पॉज़िटिव गर्भवती को एनेस्थेसिया देकर सुरक्षित एवं सफल प्रसव कराया है। इसके साथ ही पेट, पैर, आदि बहुत से सैकड़ों आपरेशन में मरीजों को एनेस्थेसिया देकर सर्जन के माध्यम से ऑपरेशन को संभव बनाया। डॉ नीलम की कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए बीते दिन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उन्हें मिशन शक्ति के तहत प्रशस्तिपत्र देकर प्रशासन ने सम्मानित किया है। डा नीलम ने बताया कि हर महिला कि सफलता के पीछे एक पुरुष का साथ होता है। ऐसे ही मेरी सफलता के पीछे मेरे पति प्रोफेसर डॉ डीसी लाल का साथ है। उन्होने मेरा हर कदम पर साथ निभाया व मेरे हौसले को कभी कमजोर नहीं पड़ने दिया डॉ **सुषमा श्रीवास्तव,** प्रदेश व जनपद के कई अस्पतालों में सीएमएस से लेकर अन्य कई प्रमुख पदों पर सेवा का निर्वहन करने के बाद सेवानिवृत्त हो चुकी डॉ0 सुषमा श्रीवास्तव के योगदान को कभी भुलाया नहीं सकता। जनपद में कोरोना जब अपने चरम पर था तब इन्होने बतौर कात्विन अस्पताल की सीएमएस रहते हुए कोरोना मरीजों के इलाज के साथ-साथ अन्य मरीजों के लिए ओपीडी व टेलीमेडिसिन व अस्पताल की अन्य सेवाओं को मरीजों तक सुलभ माध्यम से पहुंचाना हो इन्होने पूरे जज्बे के साथ अपने कर्तव्य को निभाया है। इसके साथ ही कोरोना वैक्सीनेशन के शुरुआती दौर में जनपद में कोरोना वैक्सीन की पहली डोज़ इन्होने खुद लगवाई। आज राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर डॉ सुषमा श्रीवास्तव ने कहा कि पुरुष व महिला एक-दूसरे के पूरक होते हैं। अगर दोनों एक साथ समाज कल्याण का कार्य करेंगे तो उनका सम्मान हमेशा बना रहेगा। आधुनिक युग की बेटियाँ व महिलाएं सशक्त व आत्मनिर्भर हो रही हैं। जिंहोने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, कला, व साहस के नेतृत्व क्षमता से हर परिस्थितियों में अग्रिम मोर्चे पर खड़ी रहीं।

एनेस्थैटिक डॉ० नीलम सिंह

नैदानिक मनोवैज्ञानिक डॉ० ईशान्या राज

डॉ० सुषमा श्रीवास्तव,

हिजाब पर विवाद को लेकर फिर से उठा इस्लामी जगत में सुधार का सवाल

क्या लगभग डेढ़ सहस्त्राब्दी प्राचीन इस्लाम में सामाजिक सुधार संभव है यह सवाल बार-बार उठता रहा है और कर्नाटक के हिजाब विवाद के चलते फिर से उठा है। मुस्लिम समाज का एक वर्ग महसूस करता है कि ऐसा मुमकिन नहीं है। ऐसा मानने वाले कुछ लोग इस्लाम छोड़ रहे हैं और खुद को 'एक्स मुस्लिम' घोषित कर रहे हैं। ऐसे मुस्लिम भारत में भी हैं। पिछले महीने ही इस्लाम छोड़ने वाले कुछ मुसलमानों ने 'केरल के पूर्व मुस्लिम' नामक एक संगठन बनाया है। देश में सार्वजनिक तौर पर ऐसा पहली बार हुआ। इस संगठन का उद्देश्य अपना मजहब त्यागने वाले मुस्लिमों को आर्थिक एवं भावनात्मक सहायता देना है। परिवर्तन एक सार्वभौमिक-सतत प्रक्रिया है, जिसमें किसी भी समाज में कालबाह्य हो चुकी परंपराओं-प्रथाओं को छोड़कर आगे बढ़ने का मानस होता है। किसी भी समाज में सुधार की संभावना इस बात पर निर्भर करती है कि संबंधित दर्शन-मजहब आत्मसुधार तंत्र के प्रति कितना सहनशील है इस्लाम का जन्म हजरत मुहम्मद साहब को 610 में दैवीय ज्ञान प्राप्त होने के बाद हुआ। 632 में उनके न रहने के बाद उनके अनुचरों द्वारा इस ज्ञान को पवित्र कुरान में हुआ इसलिए मुस्लिम समाज की कई परंपराएं वहां के भूगोल और उसकी तत्कालीन संस्कृति से प्रभावित हैं।

मजरुह सुल्तानपुरी हुए थे गिरफ्तार तो देवानंद के फिल्मों पर लगाई गई थी पाबंदी, जब हुई थी कविता पर राजनीति

गीतकार मजरुह सुल्तानपुरी को उनकी एक कविता के लिए जेल भेज दिया गया था। तब देश में कांग्रेस का शासन था और नेहरू जी प्रधानमंत्री थे। संविधान और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के दौरान ये बातें कहीं। कुछ बुद्धिजीवियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तथ्यों को तोड़ मरोड़कर पेश कर करने का आरोप लगाया। नरेन्द्र मोदी को बेहतरीन गल्पकार तक बता दिया गया। विद्वान माने जाने वाले कुछ स्तंभकारों ने प्रधानमंत्री को लेकर अनर्गल टिप्पणियां कीं। प्रधानमंत्री ने राज्यसभा में दिए अपने वक्तव्य में लता मंगेशकर के भाई ह्रदयनाथ मंगेशकर को वीर सावरकर की कविता को लेकर आकाशवाणी से निकाले जाने का उदाहरण दिया। विवाद मजरुह सुल्तानपुरी पर कही उनकी बातों को लेकर आरंभ हुआ। आरोप लगाने वालों ने जो प्रसंग बताया उसके मुताबिक मजरुह वामपंथी थे। स्वाधीनता को झूठी आजादी बताकर वामपंथियों ने उस समय की सरकार के खिलाफ आंदोलन और षडयंत्र रचा था, उसमें मजरुह की गिरफ्तारी की बात की गई। तथ्यों को जान लेते है कि मजरुह की गिरफ्तारी किस वजह से हुई थी। आजादी के बाद वामपंथियों का सरकार के खिलाफ विद्रोह चल रहा था। अलग-अलग क्षेत्र में काम करने वाले कम्युनिस्ट उस विद्रोह में शामिल हो रहे थे। हिंदी फिल्म जगत भी उससे अछूता नहीं रहा था। सिनेमा से जुड़े कुछ लेखक, गीतकार, निर्देशक और अभिनेता भी उस आंदोलन में हिस्सा ले रहे थे। मजरुह उनमें से एक थे। मजरुह जिस कवि गोष्ठी या मुशायरे में जाते थे तो एक कविता अवश्य पढ़ते थे। उस कविता की कुछ पंक्तियां थीं- ये भी है हिटलर का चेला/मार लो साथी जाने न पाए/ कामनवेल्थ का दास है नेहरू/मार लो साथी जाने न पाए। इस कविता में नेहरू का नाम लेकर मजरुह ने हमला किया था और उनके पहनावे को खादी का केंचुल बताकर तंज किया था। मजरुह को मुंबई में गिरफ्तार कर लिया गया। कांग्रेस से जुड़े कई लोगों ने उनको सलाह दी कि नेहरू से माफी मांग लें तो रिहाई हो जाएगी। मजरुह ने माफी नहीं मांगी और उनको लंबा समय जेल में बिताना पड़ा। उसी समय प्रदर्शन करते समय अभिनेता बलराज साहनी भी गिरफ्तार हुए थे। कैफी आजमी गिरफ्तारी से बचने के लिए भूमिगत हो गए थे। कई फिल्मों के संवाद लेखक अख्तर उल ईमान को सरकार के खिलाफ षडयंत्र रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। अख्तर उल ईमान मशहूर अभिनेता अमजद खान के श्वसुर थे।

वैलेंटाइंस डे क्यों मनाते हैं, जानें प्रेम दिवस का संत वैलेंटाइन से जुड़ा इतिहास

(आधुनिक समाचार सेवा)
पंडित सुधांशु तिवारी

ऑरिया ऑफ जैकोबस की किताब में वैलेंटाइन डे का जिक्र किया गया है, यह दिन रोम के पादरी संत वैलेंटाइन को समर्पित है। आइए जानते हैं क्या है वैलेंटाइंस डे का इतिहास।

मुख्य बातें

-14 फरवरी यानी आज है प्यार और रोमांस का दिन।

-पहला वैलेंटाइन डे वर्ष 496 ईस्वी में मनाया गया था।

-ऑरिया ऑफ जैकोबस की किताब में वैलेंटाइन डे किया गया है जिक्र,

-संत वैलेंटाइन की याद में मनाया जाता है ये दिन।

वैलेंटाइन डे 2022

फरवरी का महीना यूं तो साल का सबसे छोटा महीना होता है, लेकिन इस महीने में बनी यादें जिंदगीभर साथ रह जाती हैं। अपने साथ हल्की गुनगुनी धूप लेकर आने वाला यह महीना कई प्यार भरी कहानियां भी साथ लेकर आता है। वहीं आखिरकार सालभर प्रेमी जोड़े जिस दिन का बेसब्री से इंतजार करते हैं वो घड़ी आ ही गई। जब दो प्यार करने वाले एक दूसरे के लिए जान देने की कसमें खाते हैं और जिंदगी भर साथ रहने का वादा करते हैं। वैलेंटाइन डे दो प्यार करने वालों के लिए बेहद खास होता है, इस दिन कपल एक दूसरे से अपने प्यार का इजहार करते हैं। बेजुबां प्रेम की भाषा को जुबां मिलती है, जो दो अधूरे सपनों को पूरा करती है। इसे प्यार और रोमांस का दिन भी कहा जाता है हालांकि इसके पीछे एक बहुत बड़ी कहानी है, जिसे शायद ही आप जानते होंगे। ऑरिया ऑफ जैकोबस की किताब में वैलेंटाइन डे वीक का जिक्र किया गया है, यह दिन रोम के पादरी संत वैलेंटाइन को समर्पित है। इस दिन की शुरुआत रोम के तीसरी शताब्दी से हुई। ऐसे में इस लेख के माध्यम से हम आपको वैलेंटाइन डे का इतिहास बताएंगे जिसे शायद ही आज आप जानते होंगे। आइए जानते हैं क्या है वैलेंटाइन डे का इतिहास और क्यों मनाया जाता है

वैलेंटाइन डे का इतिहास - इतिहासकारों के मुताबिक ऑरिया ऑफ जैकोबस की किताब में वैलेंटाइन डे का जिक्र किया गया है, यह दिन रोम के पादरी संत वैलेंटाइन को समर्पित है। कहा जाता है कि 270 ईस्वी में एक संत वैलेंटाइन हुआ करते थे। वहीं उस समय वहां क्लाउडियस नामक अत्यंत आक्रमणकारी राजा का शासन था। वह प्रेम संबंधों के सख्त खिलाफ था। उसका मानना था कि एक अकेला सिपाही शादीशुदा सिपाही की तुलना में जंग के लिए ज्यादा उचित और प्रभावशाली होता है। क्योंकि शादीशुदा सिपाही को हमेशा अपनी पतने या प्रेमिका की चिंता सताती रहती है। यही कारण था कि राजा प्रेम विवाह और प्रेम संबंध के हमेशा खिलाफ रहता था। उसने ऐलान किया कि उसके राज्य का कोई भी सिपाही शादी विवाह नहीं करेगा और किसी महिला के साथ प्रेम संबंधों में नहीं रहेगा जो भी राजा के इस आदेश का उल्लंघन करते हुए पाया गया उसे कड़ी सजा दी जाएगी। राजा के इस फैसले से सभी सिपाही दुखी थे, लेकिन राजा के इस आदेश का किसी ने उल्लंघन नहीं किया। वहीं रोम के संत वैलेंटाइन को सिपाहियों के साथ ये नाइंसाफी बिल्कुल भी मंजूर नहीं थी इसलिए संत वैलेंटाइन ने राजा से छुपकर युवा सिपाहियों की शादी करवाने लगे। जो भी सिपाही अपनी प्रमिका से शादी करना चाहते थे वो संत वेलेंटाइन के पास मदद मांगने जाते थे। इसी तरह वेलेंटाइन बहुत से सिपाहियों का गुप्त विवाह करवा चुके थे, लेकिन कुछ दिनों बाद वैलेंटाइन के इस कार्य की खबर राजा को हो गई और उन्होंने संत वैलेंटाइन को जेल में बंद कर सजा ए मौत सुना दिया। जेल के चारदीवारी में बंद होने के बाद वैलेंटाइन अपनी मौत की तारीख का इंतजार कर रहे थे और एक दिन उनके पास जेलर आया, जिसका नाम स्टीलियश था रोम के लोगों का कहना था कि उनके पास एक चमत्कारिक शक्ति थी, जिससे वह लोगों को रोगमुक्त कर सकते थे। जेलर को इस बारे में पता चल गया और उसने अपनी अंधी बेटी को ठीक करने के लिए मिनन्त किया। संत वेलेंटाइनन ने उसे ठीक कर दिया, लेकिन कोई भी उन्हें मौत की सजा से नहीं बचा पाया और 14 फरवरी के दिन उन्हें फांसी दे दी गई। क्यों मनाया जाता है वैलेंटाइंस डे, वैलेंटाइंस डे संत वैलेंटाइन की याद में मनाया जाता है। कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक पहला वैलेंटाइन डे वर्ष 496 ईस्वी में मनाया गया था। इसके मुताबिक वैलेंटाइन डे की शुरुआत रोमन फेस्टिवल से हुई और धीरे धीरे यह दो प्यार करने वालों के बीच पूरी दुनिया में फैल गया। इसे प्यार और रोमांस का दिन भी कहा जाता है। इस दिन दो प्यार करने वाले हमेशा एक दूसरे के साथ रहने का वादा करते हैं।

संक्षिप्त समाचार

सिलीगुड़ी के चारों नगर निगमों में शुरुआती रुझानों में तृणमूल कांग्रेस आगे

सिलीगुड़ी। सिलीगुड़ी नगर निगम चुनाव की मतगणना सिलीगुड़ी कॉलेज मैं हो रही है। परिणाम आने से पहले से हीं सभी उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों के समर्थक मतगणना स्थल पर मौजूद हैं। मतगणना स्थल पर सिलीगुड़ी के पूर्व मेयर तथा वार्ड नंबर 6 से माकपा उम्मीदवार और सिलीगुड़ी नगर निगम वार्ड नंबर 33 से तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार तथा राज्य के पूर्व मंत्री गौतम देव और वार्ड नंबर 24 से भाजपा उम्मीदवार तथा सिलीगुड़ी के विधायक शंकर घोष भी मतगणना स्थल पर हीं हैं। सिलीगुड़ी नगर निगम चुनाव में माकपा उम्मीदवार व सिलीगुड़ी के पूर्व मेयर अशोक भट्टाचार्य चुनाव हार गए। मालूम हो कि वार्ड नंबर 20 से तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार अभया बोस,1560 वोट से वार्ड नंबर 23 से तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार लख्खी पाल तथा वार्ड नंबर 16 से कांग्रेस में उम्मीदवार सुजय घटक चुनाव जीत गए हैं। वार्ड नंबर 47 से तृणमूल कांग्रेस के अमर आनंद दास चुनाव जीत गए हैं। माकपा उमेदवार मुकुल सेनगुप्ता को हराया है । वार्ड नंबर 2 से तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार गार्गी चटर्जी चुनाव जीत गई हैं। उन्होंने माकपा की सिन्धा हाजरा को हराया है । वार्ड नंबर 1 से आर एस पी उम्मीदवार विश्वजीत राय चुनाव जीत गए हैं ।

प्रचार के आखिरी दिन उम्मीदवारों ने झोंकी पूरी ताकत

भुवनेश्वर। ओडिशा में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण के लिए 16 फरवरी को मतदान है। ऐसे में आज चुनाव प्रचार का आखिरी दिन होने से सभी पार्टियों के साथ प्रत्येक उम्मीदवार एवं उनके समर्थकों ने चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। जानकारी के मुताबिक पहले चरण में प्रदेश 71 ब्लाक के 200 जिला परिषद जोन के लिए मतदान होगा। इसी दिन 22 हजार 379 वार्ड एवं 1669 पंचायत में मतदान होगा। 67 लाख 51 हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके लिए आज 11 जिले पोलिंग पार्टी रवाना हो गई है जबकि 15 फरवरी को 19 जिले में पोलिंग पार्टी रवाना होगी। ऐसे में इससे पहले आज तमाम राजनीतिक दलों ने अपने अपने पार्टी के उम्मीदवार को जिताने के लिए तुफानी प्रचार किया है। चुनाव प्रचार के आखिरी दिन कुछ जगहों से झड़प की भी सूचना मिली है। गजपति जिले के गोषाणी ब्लाक के शरधापुर पंचायत सरपंच प्रार्थी पर हमला होने की सूचना है। आहत घायल सरपंच उम्मीदवार का नाम चेनी प्रसाद राव है।

सेक्टर 45 खजूर कॉलोनी में फ्री आई चेकअप कैंप एवं हेल्थ चेकअप का कैंप लगा

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

नोएडा। तिरुपति आई सेंटर, मानस अस्पताल एवं नव ऊर्जा युवा संस्था के तत्वावधान में निशुल्क आई चेकअप कैंप एवं हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन सेक्टर 45 खजूर कॉलोनी में स्थित शिव मंदिर में किया गया। आयोजक देव चौहान ने बताया कि शिविर में 300 लोगों का हेल्थ चेकअप एवं फ्री आई चेकअप निःशुल्क किया गया और निःशुल्क दवा का वितरण भी किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि मंगलम् ग्रुप के उपाध्यक्ष हर्ष राज द्विवेदी द्वारा दीप प्रज्वल करके कैंप शुरुआत की गयी। कैंप के दौरान लोगों को नेत्र से जुड़े और स्वास्थ्य से जुड़े विकारों के बारे में भी जानकारी दी गई।तिरुपति आई सेंटर की चेयरपर्सन डॉ मोहिता शर्मा कैंप में आए लोगों को बताया कि आंखें शरीर का एक ऐसा अंग है जिसके न होने से दुनिया में अंधेरा दिखाई देता है।डॉ इंशा, ऋतु राणा एवं छाया ने आए लोगों की कंप्यूटराइज एवं मैनुअल जांच की। मानस अस्पताल की तरफ से डॉ सौरभ, कविता, डॉ शुक्ला एवं डॉ प्राची ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की इस मौके पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में चर्म रोग परामर्श, नेत्र रोग परामर्श, ब्लड प्रेशर चेकअप, ब्लड शुगर चेकअप वगैरह सुविधाएं उपलब्ध कराई गई।मंगलम ग्रुप के डायरेक्टर हर्ष राज द्विवेदी ने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है और जरूरतमंद लोगों के लिए यह प्रयास सराहनीय है। नव ऊर्जा युवा संस्था की तरफ से दीपक मिश्रा ने आई चेकअप कैंप और हेल्थ चेकअप के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया। यह आयोजन प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक चला। इस मौके काफी संख्या में लोग पहुंचे। इस मौके दीपक मिश्रा, मोहित पराशर, मोहित चौहान, बंटी सिंह, नरेंद्र देवरा, जितेंद्र सिंह, दीपक चौधरी, देव चौहान, रोहित शर्मा, चंद्रमा मधेशिया, सुधीर राय, राहुल चौहान, सत्यवान, सोनू सिंह, हर्ष राज द्विवेदी, मोहिता शर्मा, सुरेश शर्मा, के अलावा कई युवा साथी उपस्थित थे।

कुल 09 लोग जिनकी जानकारी इस प्रकार है

कटनी। जिन्हे रेस्क्यू कर लिया गया है - 1 मोनीदास कोल एस/ओ श्री शिवकरण कोल उम्र 31 वर्ष निवासी बड़कुर ग्राम जिला सिंगरौली चितरंगी मध्यप्रदेश मो. न. 8269794691 2 दीपक कोल एस/ओ हिचलाल कोल उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम बड़कुर थाना चितरंगी जिला सिंगरौली मो. न. 8959038437 3) नर्मदा कोल एस/ ओ काशी प्रसाद कोल उम्र 40 निवासी ग्राम बड़कुर थाना चितरंगी जिला सिंगरौली(हॉस्पिटल में भर्ती) 4) विजय कोल एस/ओ राममिलन उम्र 35 निवासी ग्राम बड़कुर थाना चितरंगी जिला सिंगरौली 5) इंद्रमणी कोल एस/ओ राजे कोल उम्र 30 निवासी ग्राम बड़कुर थाना चितरंगी जिला सिंगरौली 6) नंदकुमार यादव निवासी नोडिहवा थाना चितरंगी जिला सिंगरौली जिनका रेस्क्यू करने का कार्य जारी है:- 1) मोतीलाल कोल उम्र 30 निवासी ग्राम बड़कुर थाना चितरंगी जिला सिंगरौला2 भागीरथी कोल उम्र 30 निवासी ग्राम बड़कुर थाना चितरंगी जिला सिंगरौला 3) रवि नागपुर का सुपरवाइजर।

छत्तीसगढ़ की कॉन्ग्रेस महापौर ने शहर दक्षिणी प्रत्याशी अल्पना निषाद के लिए मांगे

छत्तीसगढ़ । दिनांक 11 फरवरी 2022 को दरियाबाद भाग 2 में एक जनसंपर्क कार्यक्रम इरशाद उल्ला भाई के माध्यम से संपन्न हुआ इस जनसंपर्क कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से आई राजनंदगांव की महापौर श्रीमती सीमा देशमुख जी शामिल रही उन्होंने कांग्रेस के प्रत्याशी के पक्ष में डोर टू डोर प्रचार किया और जनता से कांग्रेस के पक्ष में वोट डालने की अपील की बहुत मुस्लिम मतदाताओं ने और वहां की महिलाओं ने अल्पना निषाद जी को जीत का आशीर्वाद दिया इस बार प्रियंका गांधी के नेतृत्व पर उन्होंने विश्वास जताया अल्पना निषाद जी ने शहर दक्षिण की समस्याओं को अवगत कराया और कहा कि मेरे जीतने पर शहर दक्षिण की समस्याओं को समाप्त किया जाएगा नैनी की फैक्ट्रियां सरकार से बात करके खुलवाई जाएंगी इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से इरशाद उल्लाह भाई शहर महिला उपाध्यक्ष श्रीमती कल्याणी निषाद रिजवाना बेगम श्रीमती शीला रावत जी भाई नागेंद्र मिश्र जी श्रीमती सीता निषाद जी श्रीमती अर्चना जी हबीब भाई अब्बास भाई आफताब अहमद अबुल कलाम भाई जकी अहमद मोहम्मद गुड्डू मोहम्मद फैजान भाई आदि।

सपा नोएडा से प्रत्याशी सुनील चौधरी ने स्ट्रांग रूम में पहुंच जानी सुरक्षा व्यवस्था

(आधुनिक समाचार सेवा)
देव मणि शुक्ल

नोएडा । सपा से विधान सभा के प्रत्याशी सुनील चौधरी ने शनिवार को फेज 2 फूल मंडी के स्ट्रांग रूम में रखी ईवीएम का निरीक्षण किया। उनके साथ सपा के वरिष्ठ नेता सुमित अंबावत, सुरेंद्र प्रधान, योगेश भाटी, मुनीष प्रधान, मुमताज आलम मौजूद रहे। सुनील चौधरी ने कहा कि पहले चरण में उत्तर प्रदेश के 11 जिलों की 58 सीटों पर सपा का प्रदर्शन अच्छा रहा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नोएडा सहित 50 से अधिक सीट जीतने जा रही है। सपा सरकार बनने पर नोएडा में जनता से किए गए सभी वादों को समय रहते पूरा किया जाएगा।इस बार के चुनाव में ग्रामीण क्षेत्रों के साथ रही शहरी क्षेत्र से सपा का अपार समर्थन मिला है। जिसका पार्टी धन्यवाद करती है। उन्होंने ईवीएम की सुरक्षा के लिए अभी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई है। जब 10 मार्च को मतों की गणना होगी तो सपा की सुनिश्चित होगी उन्होंने कहा कि सभी नालों एवं बिजली के तारों को अंडर ग्राउंड करवाया जाएगा। प्रत्येक गांव व कॉलोनियों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोले जाएंगे। महिलाओं की सुरक्षा को ठोस कदम उठाए जाएंगे।नोएडा में नए रोजगार की व्यवस्था की जाएगी। नोएडा को फ्री होल्ड कराया जाएगा। समय बद्ध स्कूलों की मनमानी पर लगाम लगाएंगे। 300 यूनिट तक फ्री बिजली मिलेगी। हर घर शुद्ध पेयजल, बिल्डर बार्यस विवाव का समाधान कराएंगे। किसानों को 64 प्रतिशत मुआवजा और 10 प्रतिशत प्लॉट, कच्ची कॉलोनियों का विकास कार्य कराएंगे। विधायक हेल्पलाइन नंबर जारी करेंगे। समयबद्ध रजिस्ट्री कराएंगे। सपा सरकार आने पर जन सुविधा केंद्र के कार्य जैसे जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र इत्यादि बनवाने की सुविधा आपके घर पर ही दी जाएगी। विधायक शिकायत केंद्र बनाया जाएगा। जिस पर हर शिकायत का समाधान सात दिन में कराया जाएगा। अकेले रहने वाले बुजुर्गों का डाटा क्लब की तर्ज पर विकसित एकत्र करके दूरभाष से साप्ताहिक कुशल क्षेम की जानकारी ली जाएगी। सेक्टरों व गांव के बारात घरों को क्लब की तर्ज पर विकसित कराया जाएगा। सेक्टरों व गांव में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगवाए जांएगे। बच्चों के लिए हर सेक्टरों व गांव में क्रीड़ा स्थल बनवाया जाएगा।

शिक्षा की ललक रखने वालों के लिए हमारा विजन सबसे अलग- राहुल रिछारिया

झाँसी। झाँसी सदर से कांग्रेस के प्रत्याशी राहुल रिछारिया ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य एवं पूर्व विधायक बृजेन्द्र कुमार व्यास डमडम महाराज के साथ सीपरी बाज़ार में जनसम्पर्क किया।

जनसम्पर्क के दौरान राहुल रिछारिया को भारी जन समर्थन प्राप्त हुआ। इस दौरान उन्होंने कहा कि बुन्देलखण्ड में समाज के हर एक वर्ग पर सरकार की गलत नीतियों के कारण कहर बरपा हो गया है। बच्चा स्कूल नहीं जा पा रहा है, नौजवान काम करना चाहता है लेकिन सरकार की नातजुर्बेकारी के कारण उसका रोजगार चला गया और उम्र दराज़ लोगों को स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध न होने के कारण बुजुर्गी का स्वास्थ खराब हो गया। उस देश की आर्थिक स्थिति दुनियॉ में सबसे बेहतर होना चाहिए थी जहां नौजवानों की संख्या सबसे ज़्यादा है। भारत जवान देश कहलाता है। सर्वाधिक देश में नौजवान होने के बावजूद सरकार द्वारा लिये जा रहे गलत निर्णयों की वजह से हमारी आर्थिक स्थिति पड़ोसी देश नेपाल और बंगला देश से भी बदतर हो गयी है। इससे ज़्यादा और हमारे लिए शर्म की क्या बात हो सकती है। आज उ्यर प्रदेश का जो नौजवान काम करना चाहता है उसके पास काम नहीं है। कुछ नौजवान और आगे शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं लेकिन उसकी आर्थिक स्थिति अब ऐसी नहीं है कि वो शिक्षा को निरन्तर जारी रख सकता है। हालात ये हो गये है कि नौजवनों को अपने स्तर से गिर कर मजबूरी में छोटी मोटी नौकरी करके गुज़ारा करना पड़ रहा है। ऐसे नौजवान जो अपनी सरकारी या प्राईवेट नौकरी करने के साथ ग्रेजुएशन करना चाहते हैं या जो नौजवान ग्रेजुएशन कर चुके है और एलएलबी करना चाहते हैं ऐसे नौजवानों के लिए यदि जनता ने मुझे आर्शिवाद दिया तो डिग्री कालेज में सांय कालीन क्लासेस प्रारम्भ की जायेगी ताकि जिन नौजवानों में शिक्षा ग्रहण करने की लालसा है वो नौकरी करने के साथ - साथ और आगे अपनी योग्यता बढ़ा सके, ज़्यादा योग्य हो सकें, अपनी जिन्दगी में नये आयाम क़ायम कर सकें और बढ़े लक्ष्य हासिल कर सकें।

पटना में लालू यादव के विधायक बेटे तेजप्रताप के आवास पर हमला, जान से मारने की दी धमकी

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के विधायक बेटे तेज प्रताप यादव के पटना स्थित आवास पर रविवार की शाम दस की संख्या में आए लोगों ने हमला कर दिया। इस दौरान करीब 10 तक उनके घर के बाहर हंगामा होता रहा। मामले को लेकर हसनपुर विधानसभा के विधायक तेज प्रताप के सहयोगी सृजन स्वराज ने सचिवालय थाने में आवेदन दिया है। शिकायत में बताया गया है कि रविवार को शाम तेज प्रताप यादव के आवास 2 एम स्टैंड रोड पटना में गौरव यादव अपने दस लड़कों के साथ जबरदस्ती आवास में घुस गया। सृजन ने कहा कि उन लोगों ने मुझे जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने शराब भी पी रखी थी। सृजन स्वराज ने अपनी जान के खतरे की बात करते हुए पुलिस से सुरक्षा की मांग की है। पटना के सचिवालय थाने में दिए गए अपने आवेदन में सृजन स्वराज ने कहा कि वह शाम को विधायक तेज प्रताप के आवास पर थे। इसी बीच करीब 6.30 बजे अचानक गौरव यादव के साथ दस की संख्या में लोग आ गए। घर के बाहर हंगामा करने लगे। उन्होंने मुझे जान से मारने की धमकी दी। करीब दस मिनट तक आवास के बाहर हंगामा होता रहा। तेज प्रताप के सहयोगी सृजन स्वराज ने थाने में दिए अपने आवेदन में कहा है कि हंगामा करने वाले उक्त लोगों ने शराब भी पी रखी थी। सृजन स्वराज ने अपनी जान का खतरा होने की बात कहते हुए पुलिस से सुरक्षा की मांग की है। बता दें कि बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव डोरंडा कोषागार से 139.35 करोड़ रुपये की अवैध निकासी के मामले में सुनवाई के लिए शनिवार को पटना से रांची पहुंच गए हैं। चारा घोटाले के सबसे बड़े मामले की सुवाई के लिए लालू के साथ तेज प्रताप को भी जाना था, मगर आखिरी समय में उनका कार्यक्रम बदल गया। लालू अकेले ही रांची गए हैं।

बिहार में कोरोना के मामले में मामूली इजाफा, एक दिन पहले की तुलना में १९ अधिक मिले संक्रमित

पटना। राज्य में कोरोना के 193 नए मरीज मिले हैं। इसके पहले शनिवार को प्रदेश में 174 नए संक्रमित मिले थे। दूसरी ओर पूर्व से संक्रमित रहे 265 मरीज स्वस्थ भी हुए हैं।स्वास्थ्य विभाग ने रविवार को जारी रिपोर्ट में बताया कि शनिवार-रविवार के बीच राज्य में कोविड के 139010 टेस्ट किए गए। जिनमें 0.13 प्रतिशत रिपोर्ट पाजिटिव पाई गई। राज्य में नए मरीजों के मिलने के साथ कोरोना के सक्रिय मामले 1274 रह गए हैं। रिकवरी दर 98.37 प्रतिशत है। रिपोर्ट के अनुसार बीते 24 घंटे के अंदर पूर्व से संक्रमित रहे 265 लोगों ने कोविड की मात दी है और स्वस्थ हुए हैं। रविवार को किसी भी जिले में संक्रमण से मौत की पुष्टि नहीं हुई। बता दें कि राज्य में पहली लहर से लेकर अब तक 12251 लोगों की जान जा चुकी है। राज?य में कुल 8 लाख 15 हजार 425 लोगों ने अब तक कोरोना को मात दे दी है। पटना के बाद सहरसा और समस्तीपुर में ही मरीजों की संख्या दो अंकों में है। राज्य में कोविड रोधी टीके की दूसरी डोज लेने वालों का आंकड़ा पांच करोड़ के पार हो गया है। रविवार को रात आठ बजे तक अलग-अलग केंद्रों पर करीब 92 हजार लोगों का टीकाकरण करने के साथ ही यह आंकड़ा पांच करोड़ के पार गया है। राज्य में 16 जनवरी, 2021 से टीकाकरण का अभियान शुरू किया गया था। राज्य में करीब 14 महीने के दौरान 11,62,78,732 लोगों को कोविड रोधी टीके दिए गए है। विभाग के अनुसार 6,55,41,251 लोगों को अब तक टीके की पहली डोज दी गई है, जबकि रविवार को 92,019 लोगों के टीकाकरण के साथ दूसरी डोज का आंकड़ा 5,00,87,672 पर पहुंच गया। बता दें कि 6,49,809 लोगों को सतर्कता डोज भी दी जा चुकी है।

डेरा ब्यास प्रमुख ने पीएम मोदी से मुलाकात कर सबको चौंकाया, पंजाब चुनाव से 7 दिन पहले छिड़ी नई राजनीतिक चर्चाएं

चंडीगढ़। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जालंधर दौरे से ठीक एक दिन पहले रविवार को पंजाब के सबसे बड़े डेरे राधा स्वामी सत्संग ब्यास के प्रमुख गुरिंदर सिंह ढिल्लों ने दिल्ली में उनके (मोदी) साथ मुलाकात की। इस मुलाकात ने राजनीतिक गलियारों में नई चर्चाएं छेड़ दी है। हालांकि डेरा ब्यास चुनाव में किसी भी पार्टी का समर्थन नहीं करता लेकिन डेरा प्रमुख के प्रधानमंत्री से मिलने के बाद राजनीतिक चर्चा छिड़ना लाजमी है। खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट कर डेरा ब्यास प्रमुख से हुई मुलाकात की तस्वीर शेयर की है। आमतौर पर डेरा सत्संग ब्यास के प्रमुख गुरिंदर सिंह ढिल्लों किसी भी राजनीतिक पार्टी के नेता से मिलने नहीं जाते। सभी राजनीतिक हस्तियां समय-समय पर या चुनाव से पहले उनका आशीर्वाद लेने के लिए डेरा ब्यास पहुंचती हैं। परंतु यह पहला मौका है जब डेरा प्रमुख ने खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की हो। तय कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री 18 मार्च को चुनाव प्रचार समाप्त होने से पहले पंजाब में तीन रैलियां कर रहे हैं। सोमवार को वह जालंधर में रैली करेंगे और उसके बाद पठानकोट में 16 फरवरी व अबोहर में 17 फरवरी को रैलियां करेंगे। ऐसे में इन रैलियों से पहले यह मुलाकात काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। भारतीय जनता पार्टी पहली बार अपने दम पर पंजाब की 73 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ रही है।

दो साल बाद दिल्ली को 'वाकेबल सिटी' बनाने के फिर शुरू हुए प्रयास, इन 6 जगहों के प्लान हुए तैयार

नई दिल्ली । कोराना महामारी के कारण दो वर्ष पहले भले ही नहीं हो पाया, लेकिन दिल्ली को "वाकेबल सिटी" सिटी बनाने के प्रयास अब फिर से शुरू हो गए हैं। 15 जगहों पर पैदल यात्रियों को निर्बाध आवागमन की सुविधा देने के लिए एक वाक प्लान बनाया जा रहा है। इनमें से छह जगहों के वाक प्लान को यूनिफाइड ट्रैफिक एंड ट्रांसपोर्टेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर सेंटर (यूटीपैक) की दिसंबर में हुई एक बैठक में उपराज्यपाल अनिल बैजल की स्वीकृति भी मिल गई है। अब इन सभी का ड्राइंग तैयार किया जा रहा है ताकि संबंधित एजेंसी इस दिशा में अपना कार्य प्रारंभ कर सके। दरअसल, देश की राजधानी में पैदल यात्रियों के लिए के चलने के लिए कहीं भी निर्बाध पैदल पारपथ नहीं है। कहने को तो फुटपाथ है, लेकिन सभी अतिक्रमण और अवैध कब्जों के शिकार। सड़क किनारे दुर्घटना का भय बना रहता है। ऐसे में दिल्ली वासी पैदल चलना ही छोड़ते जा रहे है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की इंजीनियरिंग विंग यूटीपैक द्वारा कराए गए सर्वे के मुताबिक 38 प्रतिशत व्यक्तिगत, 31 प्रतिशत व्यावसायिक तथा 58 प्रतिशत शिक्षण संस्थानों तक की यात्राएं लोग पैदल कर सकते है लेकिन निर्बाध पैदल पारपथ न होने के कारण ही गाड़ियों में करने को मजबूर है। 40 प्रतिशत यात्राएं चार किमी जबकि 80 प्रतिशत तक छह किमी से भी कम दूरी की होती है। अगर निर्बाध पैदल पारपथ हो तो सड़कों पर वाहनों का दबाव भी कम किया जा सकता है। दो अगस्त 2019 को यूटीपैक ने वाकेबिलेटी प्लान का नोटिफिकेशन जारी किया था। इसके तहत 27 जगहों के वाक प्लान तैयार किए जाने थे। मेट्रो स्टेशन, बाजार एवं भीड़भाड़ वाली जगहों की सड़कों को पैदल यात्रियों की सुविधाओं के अनुरूप तैयार करने का प्लान था। इसके लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन भी किया जाना था, लेकिन कोरोना लाकडाउन और वर्क फ्राम होम सहित विभिन्न प्रतिबंधों की वजह से न कमेटी का गठन हुआ, न ही इस दिशा में काम आगे बढ सका। डीडीए के मुताबिक वाक प्लान तैयार करने के लिए पहले उस जगह का सर्वे करना होता है। इस सर्वे में ट्रैफिक और पैदल यात्रियों से जुड़ी समस्याओं का जायजा लिया जाता है ताकि उसी के अनुरूप उनका निराकरण किया जा सके। लेकिन कोविड प्रतिबंधों के कारण कोई सर्वे ही नहीं हो सका। डीडीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस समय 15 जगहों के वाक प्लान पर काम चल रहा है। छह जगहों का वाक प्लान तैयार है, गत दिसंबर में हुई यूटीपैक की एक बैठक में एलजी ने भी इसे अपनी स्वीकृति दे दी है। अब इनकी ड्राइंग तैयार करने का काम चल रहा है ताकि संबंधित एजेंसी इस दिशा में काम शुरू कर सके।

'बुर्का पहनाने की बजाय आंखों पर शर्म का पर्दा करना चाहिए

नई दिल्ली। सारा खान का एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा हैत् इसमें उन्होंने बुर्खा विवाद पर अपनी बात कही थी सारा खान

इसमें कहना चाहती हैं कि मुसलमानों को महिलाओं को बुर्का पहनाने की बजाय अपनी आंखों पर शर्म का पर्दा करना चाहिए सारा खान ने इस बारे में बताते हुए कहा था, "मुसलमान समुदाय में यह कहा जाता है कि लड़कियों का पर्दा करना चाहिए और लड़कियों को खुले घूमना चाहिएत् मैं यह कहने के लिए क्षमा प्रार्थी हूं लेकिन मैं मुसलमान हूं मेरी एक ही शिकायत है जो लोग खड़े हो जाते हैं और चिल्लाते हैं बुर्का, बुर्का, बुर्कात् अरे शर्म करो तुम लोग पहले अपनी आंखों पर कि तुम लोग वह चीज क्यों देख रहे होत् तुम्हें पर्दा करना चाहिएत् हम क्यों पर्दा करेंत् हम लोगों की इज्जत सबसे ज्यादा होनी चाहिए क्योंकि हम लोगों ने ही तुम्हें पैदा किया है, वरना तुम लोग आते कहां से सारा खान का समर्थन राखी सावंत भी करती नजर आई थी वह इस मौके पर उनकी हां में हां मिला रही थीत् गौरतलब है कि यह एक पुराना वीडियो है जो अब दोबारा से वायरल हो रहा है सारा खान और राखी सावंत दोनों बिग बॉस में नजर आ चुकी हैत् दोनों की केमिस्ट्री काफी पसंद की गई है सारा खान ने कई रियलिटी शो और टेलीविजन शो में काम किया हैत् वह सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय है वह अक्सर अपनी हॉट और बोल्ड तस्वीरें और वीडियो शेयर करती हैं, जिन्हें फैंस काफी पसंद करते हैं।

'अनुपमा' की जिंदगी का पहला वेलेंटाइन डे, रूपाली गांगुली ने कही ये बात

नई दिल्ली। रूपाली गांगुली ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है इसमें उन्होंने बताया है कि अनुपमा की जिंदगी में जल्द खुशहाली आने वाली हैत् दरअसल पहला वेलेंटाइन डे स्पेशल तो होगा ही रुपाली गांगुली ने आगे लिखा है, 'मैं जानना चाहती हूं कि आप लोग क्या चाहते हो कि क्या हो और आप लोगों को क्या लगता है

वह अनुज कपाडया की भूमिका निभा रहे गौरव खनन के साथ वैलेंटाइन डे मनाते नजर आएंगीत् रूपाली गांगुली ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा है, 'अनुपमा की जिंदगी का कि अनुपमा और अनुज का वैलेंटाइन डे कैसा होगा वहीं इसके साथ उन्होंने इसे कई लोगों को टैग भी किया हैत् अनुपमा शो काफी पसंद किया जाता है रूपाली गांगुली शो में अनुपमा की भूमिका निभाती है वहीं शो में वनराज की भूमिका सुधांशु पांडे निभाते हैं और काव्या की भूमिका मदालसा शर्मा निभाती है यह जो अक्सर टीआरपी में नंबर वन रहता है अनुपमा एक लोकप्रिय धारावाहिक हैत् रूपाली गांगुली टीवी एक्ट्रेस है उन्होंने कई टेलीविजन शो में अहम भूमिका निभाई हैत् उनकी भूमिकाएं काफी पसंद की गई है। अनुपमा शो का यह वीडियो वायरल हो गया हैत् इसे 41 मिनट में 80 हजार के करीब व्यूज मिले है। वहीं इसपर कई लोगों ने कमेंट्स भी किए है और उत्साह भी दर्शाया हैत् अनुपमा का यह वीडियो वायरल हो गया है कई फैंस ने उनकी सराहना की है रुपाली गांगुली सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैत् वह अक्सर अपनी हॉट और बोल्ड तस्वीरें और वीडियो शेयर करती है जिन्हें फैंस काफी पसंद करते है रुपाली गांगुली की बड़ी फैन फॉलोइंग हैत् वह अक्सर अपनी रील वीडियो बनाकर भी पोस्ट करती है जिसे फैंस काफी पसंद करते है।

दिशा पाटनी ने शेयर की जबरदस्त स्टंट वीडियो, टाइगर श्रॉफ ने कमेंट कर कही ये बात

नई दिल्ली। एक्ट्रेस दिशा पाटनी अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। सोशल मीडिया पर अफवाहें हैं कि दिशा लंबे वक्त से अभिनेता टाइगर श्रॉफ को डेट कर रही है। दोनों को अक्सर साथ में छुट्टियां मनाते हुए और घूमते हुए देखा जाता है। इसी बीच उनकी एक वीडियो वायरल

हो रही है, जिसमें वो स्टंट करती दिख रही हैं। इस वीडियो को अभिनेत्री ने अपने आपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस वीडियो में एक्ट्रेस दिशा पाटनी व्हाइट टी शर्ट और शॉर्ट्स पहने हुए अपने दोनों पैरों से हवा में छलांग लगाते हुए फ्लाइंग किक लगाती हुई दिख रही है। दिशा की इस वीडियो को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है और वीडियो को अब तक कई लाख लोग लाइक कर चुके हैं। साथ ही कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। वहीं, उनके रुमर्ड ब्वॉयफ्रेंड टाइगर श्रॉफ ने वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, काश मैं इतनी देर हवा में रह पाता। साथ ही टाइगर की मां अइशा श्रॉफ ने हार्ट और फायर की इमोजी कमेंट की है। बात करें दिशा पाटनी के वर्कफ्रंट की तो वो जल्द फिल्म योद्धा में नजर आने वाली है। इस पीरियड फिल्म की कहानी भारत द्वारा पाकिस्तान पर किए सबसे साहसी मिशन से प्रेरित है। फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ अभिनेत्री दिशा पाटनी और राशि खनन मुख्य किरदार में नजर आने वाली है। करण जौहर के प्रोडक्शन हाउस धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बन रही, इस एक्शन ड्रामा फिल्म का निर्देशन सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा साथ मिल कर रहे हैं। फिल्म को इस साल नबंवर में रिलीज किया जा सकता है। इसके अलावा वो मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म एक विलेन रिटर्न्स में नजर आने वाली है। इस फिल्म में एक्ट्रेस के साथ अर्जुन कपूर, जॉन अब्राहम और तारा सुतारिया मुख्य किरदार में नजर आने वाली है। ये फिल्म साल 2014 में आई सिद्धार्थ मल्होत्रा, श्रद्धा कपूर और रितेश देशमुख की फिल्म एक विलेन का सीक्वल है।

फोर्स 3 बनाने की हो रही है तैयारी जल्द जॉन अब्राहम नजर आएंगे एक्शन मोड में

नई दिल्ली। बॉलीवुड के हैंडसम हंक एक्टर जॉन अब्राहम फिल्मों में अपने दमदार एक्शन के लिए जाने जाते हैं। उनकी फिल्में एक्शन के दिवानों को थिएटर तक खींच लाती हैं। जॉन अब्राहम की ऐसी ही एक फिल्म है फोर्स, जिसके अब तक दो पार्ट बन चुके और खबरें आ रही हैं कि जल्द ही फिल्म है। पिंकविला में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, करीबी सूत्रो ने साझा किया कि जॉन अब्राहम ने विपुल शाह से फोर्स फ्रैंचाइजी के सभी अधिकार हासिल कर लिए हैं। अभिनेता एक्शन को अगले स्तर तक ले जाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। वह एक ऐसी कहानी की तलाश में हैं जो 'फोर्स' जैसी फिल्म



का तीसरा पार्ट भी बनने जा रहा है। फोर्स फ्रैंचाइजी की पहली फिल्म साल 2011 में आई थी। फिल्म में जॉन अब्राहम और जेनेलिया डिसूजा लीड रोल में थे तो वहीं विद्युत जामवाल विलेन के रूप में नजर आए थे। फिल्म साल की हिट फिल्मों में से एक थी। वहीं फिल्म का दूसरा पार्ट साल 2016 में रिलीज हुआ था। जिसमें जॉन अब्राहम, सोनाक्षी सिन्हा और ताहिर राज भसीन मुख्य भूमिकाओं मे थे। फोर्स की दोनो फ्रैंचाइजी को विपुल अमृतलाल शाह ने प्रोडयूस किया था। अब खबरें आ रही हैं कि जॉन अब्राहम ने फिल्म के सभी राइटस हासिल कर लिए है और अगला पार्ट वह बनाने वाले में दर्शक देखना चाहते हैं। पब्लिकेशन से बात करते हुए, विपुल शाह ने जॉन को बधाई दी और फ्रैंचाइजी को अगले स्तर पर ले जाने के लिए शुभकामनाएं देते हुए इस खबर की पुष्टि की है। वक्र फ्रंट की बात करें तो जॉन अब्राहम की कई फिल्में पाइप लाइन में हैं। जिनमें 'अटैक', 'एक विलेन 2', 'पठान' और साजिद खान की एक अनटाइटल्ड कॉमेडी फिल्म शामिल हैं, जिसमें उनके साथ अर्जुन कपूर भी नजर आएंगे। जॉन की फिल्म 'अटैक' भी एक फ्रैंचाइजी के तौर पर रिलीज होगी। जिसका पहला भाग अटैक पार्ट-1 दर्शकों को जल्द ही 1 अप्रैल में देखने को मिलेगी। फिल्म में जॉन के साथ रकुल प्रीत सिंह और जैकलीन फर्नांडिस मुख्य भूमिकाओं में हैं।

नोरा फतेही ने पहनी ऐसी ट्रांसपेरेंट टॉप आरपार दिखा सब, तस्वीर ने लगाई इंटरनेट पर आग

नई दिल्ली। बॉलीवुड डांसिंग क्वीन नोरा फतेही आज किसी पहचान की मोहताज नहीं है। नोरा खास तौर पर अपने बैली डांस के लिए जानी जाती हैं। नोरा कई फिल्मों में आइटम नंबर और एक्टिंग भी कर चुकी हैं। वहीं नोरा कई रियलिटी शोज को जज करती भी नजर आई हैं। प्रोफेशनल लाइफ के साथ नोरा सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। आए दिन नोरा सोशल मीडिया पर अपनी हॉट एंड बोल्ड तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। इसी बीच नोरा की एक तस्वीर इंटरनेट पर चर्चा में बनीं हुई है। इस तस्वीर को देख फैंस क्रेजी हो रहे है। यहां देखें तस्वीर नोरा फतेही ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी एक लेटेस्ट तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में वह बेहद हॉट नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में वह

मल्टीकलर की नेटेड टॉप पनहे नजर बोल्ड अवतार में दिख रही है। नोरा की टॉप इतनी ज्यादा नेटेड है कि आरपार सब नजर आ रहा है। वहीं इस दौरान उनके बाल ओपन है। वहीं तस्वीर में उनके पोज देने का अंदाज काफी कातिलाना है। इस तस्वीर को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। वहीं इस पर कमेंट कर फैंस लगातार उनकी तारीफ करते दिख रहे हैं। आपको बता दें कि नोरा फतेही फिल्मों में अभिनय करते हुए भले ही बहुत कम नजर आई हों, लेकिन फिल्म में अपने एक गाने से वो लोगों को दिल चुरा लेती है। नोरा ने अब तक 'दिलबर दिलबर', 'कमरिया' और 'कुसु-कुसु' सहित कई गानों पर अपने डांसिंग मूव्स से सबका दिल जीता। हिंदी के साथ-साथ नोरा फतेही तेलुगू इंडस्ट्री में भी काफी सक्रिय हैं। इसके साथ ही नोरा फतेही 'स्ट्रीट डांसर 3 डी', 'बाटला हाउस', 'भुज', 'स्त्री' जैसी कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं।

हिना खान ने बॉयफ्रेंड रॉकी जायसवाल के साथ दिया 'रोमांटिक' पोज बोल्ड तस्वीरें हुई वायरल

नई दिल्ली। हिना खान ने इंस्टाग्राम पर बॉयफ्रेंड रॉकी जायसवाल के साथ एक सेल्फी फोटो शेयर की है इसमें दोनों पीकॉक के आगे खड़े होकर पोज देते हुए नजर आ रहे हैं दोनों ने रखी है वहीं रॉकी जयसवाल ने डीप ग्रीन कलर की हुडी पहन रखी है दोनों की जोड़ी काफी अच्छी लग रही हैत् उनके पीछे दीवार पर एक मोरनी लगी हुई है हिना खान टीवी एक्ट्रेस है उन्होंने कई टेलीविजन

अपने मास्क नीचे कर रखे है और वह दोनों कैमरे की ओर देखकर स्माइल कर रहे है दोनों की जोड़ी काफी पसंद की जा रही है दोनों की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर वायरल हो गई है हिना खान लंबे समय से बॉयफ्रेंड रॉकी जायसवाल को डेट कर रही हैं दोनों ने अपने रिश्ते को सार्वजनिक कर दिया है दोनों की केमिस्ट्री काफी पसंद की जाती हैत् दोनों कई अवसर पर साथ देखे गए है दोनों अक्सर वेकेशन मनाने मालदीव भी जाते हैं हिना खान की तस्वीरें और वीडियो को लेकर फैंस भी उत्साहित रहते है हिना खान और रॉकी जायसवाल जल्द शादी करने वाले हैं हिना खान ने इस मौके पर पिंक कलर की ड्रेस पहन शो में काम किया है उनकी भूमिका काफी पसंद की गई है वह सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय है वह अक्सर अपनी हॉट और बोल्ड तस्वीरें और वीडियो शेयर करती है, जिन्हें फैंस काफी पसंद करते हैं हिना खान बिग बॉस विजेता भी रह चुकी हैं हिना खान और रॉकी जायसवाल लंबे समय से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं हिना खान कई म्यूजिक वीडियो में भी नजर आ चुकी है हिना खान जिम में जमकर पसीना बहाती है इसके चलते फोटोशूट में उनका टोंड और स्लिम फिगर भी नजर आता है।

टाइगर श्रॉफ ने शेयर किया 'हीरोपंती 2' का नया पोस्टर, फैंस से किया डबल एक्शन का वादा

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ अपने दमदार एक्शन और फिटनेस को लेकर काफी चर्चा में रहते हैं। वो अक्सर सोशल मीडिया पर अपने वर्कआउट सेशन की तस्वीरें फैंस के साथ शेयर करते रहते हैं। इन दिनों वो अपनी आगामी फिल्म हीरोपंती 2 के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग में व्यस्त हैं। अब उन्होंने शनिवार को फिल्म हीरोपंती 2 का नए पोस्टर साझा किया है। इस पोस्टर में अभिनेता टाइगर श्रॉफ फिल्म में अपनी को-स्टार अभिनेत्री तारा सुतारिया के साथ नजर आ रहे हैं। पोस्टर में देखा जा सकता है कि अभिनेता कार पर बैठे हुए हैं, जबकि अभिनेत्री उनके कंधे पर हाथ रखकर खड़ी हुई हैं। वहीं इंस्टाग्राम पर इस पोस्टर को शेयर कर टाइगर श्रॉफ ने कैप्शन लिखा, 'आप लोगों से वादा है कि डबल एक्शन, डबल मनोरंजन इस ईद पर आपके पास आ रहा है।' हीरोपंती 2 के इस पोस्टर को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है। पोस्टर को अब तक (खबर लिखे जाने तक) साढ़े चार लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं और अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उनके लुक की

तारीफ कर रहे हैं। बता दें कि इस फिल्म में अभिनेता जबरदस्त एक्शन करते हुए दिखेंगे। फिल्म हीरोपंती 2 टाइगर की डेब्यू फिल्म हीरोपंती का सीक्वल है इस फिल्म में उनके साथ एक्ट्रेस कृति सेनन ने लीड रोल प्ले किया है। जबकि हीरोपंती 2 में टाइगर श्रॉफ के साथ अभिनेत्री तारा सुतारिया और नवाजुद्दीन सिद्दीकी अहम किरदार में नजर आने वाले हैं। अहमद खान द्वारा निर्देशित इस फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला कर रहे है। इस एक्शन फिल्म को इस साल 29 अप्रैल, 2022 को ईद के मौके पर रिलीज किया जाएगा। वहीं बता अगर उनके वर्कफ्रंट की करें तो वो जल्द ही फिल्म गणपत पार्ट वन में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म में वो अभिनेत्री कृति सेनन के साथ मुख्य किरदार में नजर आने वाले हैं। विकास बहल द्वारा निर्देशित इस फिल्म का निर्माण पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया जा रहा है। इस एक्शन ड्रामा फिल्म को साल 2022 में क्रिसमस के मौके पर रिलीज किया जाएगा।

शमा सिकंदर ने बिकिनी पहन लेटकर दिए ऐसे बोल्ड पोज

नई दिल्ली, जेएनएन। टीवी एक्ट्रेस शमा सिकंदर इन दिनों अपनी बोल्डनेस की वजह से काफी सुखिर्यों में बनीं हुई हैं। शमा लगातार अपनी बोल्ड तस्वीरें और

वीडियो पोस्ट कर फैंस को हैरान करती रहती हैं। शमा ने अपने करियर में कई शोज के साथ म्यूजिक वीडियोज में भी काम किया है। इन दिनों शमा अपने नए म्यूजिक वीडियो 'मजनू 2' को लेकर चर्चा में बनीं हुई हैं। इस वीडियो में वह मीका सिंह और राय लक्ष्मी के साथ नजर आएंगी। इसी बीच अब शमा की एक तस्वीर को लेकर चर्चा में आए हैं। इस तस्वीर में उनकी बोल्डनेस देख फैंस हैरान है। यहां देखें तस्वीर शमा सिकंदर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी एक बेहद बोल्ड बिकिनी तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में आप देख सकते हैं कि शमा बीच साइड पर चेयर पर लेटी हुई हैं। इस दौरान शमा ने ऑरेंज कलर की बोल्ड बिकिनी पहनी हुई है। वहीं उन्होंने इस बिकिनी के ऊपर उन्होंने चेन स्टाइल श्रग पहना हुआ है।

आलिया भट्ट ने शेयर की गंगूबाई लुक में तस्वीरें, मां सोनी राजदान ने कही ये बात

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट की मोस्ट अवेटेड फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इन दिनों वो अपनी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। अब उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर नई तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो व्हाइट साड़ी में पोज

देती दिख रही हैं। इंस्टाग्राम पर शेयर की इन तस्वीरों में अभिनेत्री आलिया भट्ट बेहद खूबसूरत दिख रही है। फोटो में एक्ट्रेस व्हाइट फ्लोरल बॉर्डर साड़ी और मैचिंग ब्लाउज पहने नजर आ रही है। साथ ही उन्होंने सिल्वर कलर की झुमकियां भी पहनी हुई हैं। वहीं, आलिया ने अपने बालों में एक सफेद गुलाब भी लगाया हुआ है, जो उनके लुक को और भी खूबसूरत बना रहा है। आलिया के इस लुक को सोशल मीडिया पर खूब पसंद किया जा रहा है। वहीं उनके इस लुक को देख कर उनकी मां सोनी भी चौंक गई है। एक्ट्रेस की मां ने तस्वीरों पर कमेंट कर लिखा, फूलों की शाक्ति। साथ ही उन्होंने फूलों और हार्ट के इमोटिकॉन्स भी कमेंट किए है। बता दें, संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी ये फिल्म में एक्ट्रेस लीड माफिया क्वीन गंगूबाई का किरदार निभा रही हैं। फिल्म में आलिया के अलावा अजय देवगन, विजय राज और हुमा कुरैशी भी अहम किरदार निभाती हुई नजर आएंगी। ये फिल्म मशहूर लेखक हुसैन जैदी की किताब माफिया क्वीन के एक अध्याय पर आधारित है। ये फिल्म 25 फरवरी, 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। वहीं, बात अगर उनके वर्कफ्रंट की करें तो वो इस साल बैक टू बैक कई फिल्मों में नजर आने वाली हैं। अभिनेत्री आलिया भट्ट गंगूबाई काठियावाड़ी के अलावा एसएस राजामौली के निर्देशन में बनी फिल्म आरआरआर में साउथ के स्टार जूनियार एनटीआर और राम चरण के साथ लीड सीता के किरदार में नजर आने वाली है। आरआरआर एक पीरियड फिल्म है, जो दो स्वतंत्रता सेनानियों पर आधारित है। साथ ही अभिनेता अयान मुखर्जी की फिल्म ब्रह्मास्त्र में अपने रुमर्ड ब्वॉयफ्रेंड रणबीर कपूर के साथ नजर आने वाली हैं। साथ ही वो रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में भी रणवीर सिंह के साथ मुख्य किरदार में नजर आने वाली हैं।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक
डा0 दीपक अरोरा द्वारा
रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए
बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज
(उ.प्र.) 211002 से मुद्रित
एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी
औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज।
(उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होंगे।